www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

2 नेतृत्व के साथ जनता भी एकजुट रहे, सकारात्मक माहौल बनाए रखने की जरूरत

पुराने सरकारी अस्पताल की जमीन पर विवाद 04

वर्ष :08 | अंक :318 | मुंबई , शनिवार ,10 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

# 36 जगहों को निशाना बनाने की कोशिश, तुर्की के हथियार इस्तेमाल

## जवाबी कार्रवाई में पाक को हुआ भारी नुकसान

"विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया तेज हो जाएगी... भारतीय वायु सेना ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।"

एजेंसी

**नागरिक विमानों को ढाल बना रहा पाकिस्तान**
विक्रम मिसरी ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई करते हुए कंधार, उरी, पुंछ, राजौरी, अखनूर और उधमपुर जैसे एलओसी से सटे क्षेत्रों में गोलाबारी की है।

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय की ओर से शाम साढ़े 5 बजे प्रेस ब्रीफिंग की गई। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर नई जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने गतिज और गैर-गतिज साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था। ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की असिसगार्ड सोंगर ड्रोन हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत की वायु रक्षा प्रतिक्रिया तेज हो जाएगी.





**हमले के बीच कराई नागरिक विमानों की लैंडिंग, कर्नल सोफिया ने बताया- पाक ने अपने ही लोगों को मौत के मुंह में डाला, दिखाई तस्वीर**

## आर्मी का खुलासा- 3 जिलों में रॉकेट, बम-ड्रोन मिले

### चंडीगढ़ में हवाई हमले की चेतावनी



पंजाब, भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने पंजाब पर तीसरी बार हमला किया। विदेश मंत्रालय की कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि 8 से 9 मई की रात को पाकिस्तान ने बठिंडा आर्मी कैंट को निशाना बनाकर हमला किया, हालांकि आर्मी ने उनके ड्रोन को पहले ही गिरा दिया। बठिंडा कैंट एशिया की सबसे बड़ी सैनिक छावनी मानी जाती है।वहीं, शुक्रवार सुबह 5 बजे पाकिस्तान की तरफ से अमृतसर में ड्रोन से अटैक किया गया। हालांकि भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम र-400 ने खासा इलाके में 2 ड्रोन नष्ट कर डाले। इनमें एक छोटा और दूसरा बड़ा था।पठानकोट में देर रात हमले के बाद एयरबेस के पास पुलिस ने शुक्रवार सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया है। इस दौरान नदी के किनारे बम मिला। जिसके बाद सेना ने इलाका खाली करा दिया। इसके साथ गांव करोली के पास ड्रोन मिला। सेना ने इसे कब्जे में ले लिया है। यहां सुबह साढ़े 4 बजे भी 3-4 धमाकों की आवाज सुनाई दी थी। गुरुवार रात हुए हमले के बाद बठिंडा में बीड़ तलाब और नथाना ब्लॉक के गांव तुंगवाली में खेतों में पाकिस्तानी रॉकेट के टुकड़े गिरे मिले। यहां रात को धमाके हुए थे। तुंगवाली में धमाके से एक घर की खिड़कियां और दरवाजे के शीशे टूट गए थे। बठिंडा की ररढ अमनीत कौंडल ने कहा- आर्मी की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

## राजस्थान के जैसलमेर-बाड़मेर में 5 बजते ही बाजार बंद: 12 घंटे का ब्लैकआउट रहेगा, जोधपुर और किशनगढ़ हवाई अड्डा 14 मई तक बंद




जयपुर/जैसलमेर/बाड़मेर, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर और फलोदी जिलों में हाई अलर्ट है। जैसलमेर और बाड़मेर में शाम 5 बजते ही बाजार बंद हो गए। यहां शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक पूरी तरह ब्लैकआउट रहेगा। श्रीगंगानगर और फलोदी में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। जैसलमेर में सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक लगा दी गई है।

## भारत के डिफेंस सिस्टम का दुनिया ने माना लोहा



भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने दुश्मन के सभी प्रयासों को विफल कर जो कमाल दिखाया है उसकी आज हर भारतीय सराहना कर रहा है और उसे यह विश्वास हो चला है कि तकनीक के मामले में हमारे रक्षा बल अब बहुत आगे निकल चुके हैं। देखा जाये तो आधुनिक युद्ध में आकाश पर नियंत्रण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए हवाई रक्षा प्रणालियाँ किसी भी देश की सुरक्षा अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण कड़ी हो गयी हैं।

## उरी में पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग

### तेल कंपनियां बोलीं- देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं



नई दिल्ली/पुंछ/अंबाला/अमृतसर/जैसलमेर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है। तेल कंपनियां अलग-अलग बयानों में कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीएआई का बड़ा फैसला, भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते स्थगित किए महत्वपूर्ण एग्जाम

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने फाइनल और इंटरमीडिएट लेवल दोनों के लिए बचे हुए क्वालीफाइंग पेपर स्थगित कर दिए हैं। यह घोषणा देश में तनावपूर्ण को देखते हुए की गई। आईसीएआई ने घोषणा की कि देश में तनावपूर्ण और सुरक्षा स्थिति को देखते हुए 9 और 14 मई को निर्धारित फाइनल और इंटरमीडिएट लेवल दोनों के लिए बचे हुए क्वालीफाइंग पेपर स्थगित कर दिए गए हैं। आईसीएआई ने बताया कि संशोधित तिथियों की घोषणा नियत समय में की जाएगी। भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी के संचालन को विनियमित करने वाली शीर्ष संस्था ने आगे बताया कि पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स परीक्षा (इंटरनेशनल टैक्सेशन-असेसमेंट टेस्ट), या आईएनटीटीएटी को भी स्थगित कर दिया गया है। आईसीएआई सीए फाइनल और इंटर शेड्यूल के अनुसार, सीए फाइनल ग्रुप 1 की परीक्षाएं 2, 4 और 6 मई को आयोजित होने वाली थीं, जबकि ग्रुप 2 की परीक्षाएं 8, 10 और 13 मई को निर्धारित की गई थीं।

### व्यवसायी की बुजुर्ग मां की हत्या, नौकर पर संदेह

मुरादाबाद जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक स्थानीय व्यवसायी की बुजुर्ग मां की उनके घर पर कथित तौर पर सिर पर वारकर बृहस्पतिवार को हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद से लापता एक नौकर ही वारदात में मुख्य संदिग्ध है। पुलिस अधीक्षक (शहर) कुमार रणविजय सिंह ने कहा, पुलिस को 80 वर्षीय प्रमोद रस्तोगी की हत्या के संबंध में सूचना मिली थी। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बुजुर्ग महिला के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया था, जिसे उनकी मौत का कारण माना जा रहा है। वह दयाशंकर रस्तोगी की मां हैं, जो रसायन के व्यवसायी हैं। यह अपराध सिविल लाइंस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले रामगंगा विहार परम्परा प्रथम सोसाइटी में स्थित एक बंगले में हुआ। हत्या के समय, दयाशंकर रस्तोगी पुणे में थे। सिंह ने कहा कि प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को संदेह है कि नौकर सचिन ही मुख्य संदिग्ध है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है

# सीमा पर जवान और खेतों में किसान तैयार हैं..

## खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर शिवराज की बड़ी बैठक




एजेंसी

"शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम आतंकवादियों को नहीं छोड़ेंगे; हमने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन नागरिकों पर नहीं। कृषि विभाग के तौर पर हमारी जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हमारे कृषि भंडार भरे हुए हैं। गेहूं हो, चावल हो या कोई और अनाज, हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है।"

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत की तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के कृषि भंडार में गेहूं, चावल और अन्य अनाज की भरपूर आपूर्ति है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम आतंकवादियों को नहीं छोड़ेंगे; हमने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन नागरिकों पर नहीं। कृषि विभाग के तौर पर हमारी जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हमारे कृषि भंडार भरे हुए हैं। गेहूं हो, चावल हो या कोई और अनाज, हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है। जवान सीमा पर तैनात हैं और वैज्ञानिक खेतों में किसानों के साथ हैं। खेतों में किसानों के साथ काम करना और उत्पादन बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है।इसके बाद शिवराज ने एक्स पर लिखा कि सीमा पर जवान और खेतों में किसान तैयार हैं। हमारे अन्न भंडार पूर्ण हैं। इस वर्ष बंपर उत्पादन हुआ है और आने वाली फसलों के लिए भी स्थितियाँ अनुकूल हैं। किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता के समय देशवासी निश्चिंत रहें। हम तैयार हैं, सक्षम हैं और देश सेवा के लिए संकल्पित हैं। भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# पीएम मोदी ने तीनों सेनाध्यक्षों के साथ की हाई लेवल मीटिंग

## एनएसए और सीडीएस भी रहे मौजूद



एजेंसी

"रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की शुक्रवार को समीक्षा की। इससे कुछ ही घंटों पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की शुक्रवार को समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी दी ।

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम...

## कांग्रेस ने देश भर में निकाला जय हिंद यात्रा

"नायक ने भारतीय हवाई हमलों में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के सहयोगियों और परिवार के सदस्यों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पाकिस्तानी सेना की निंदा की।"



एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को भारत के रक्षा प्रयासों के समर्थन में एकता और एकजुटता को हमला इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। पहलगाम में पाकिस्तान के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने, उसे काबू में करने और उसके नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना जितनी प्रशंसा की हकदार है, वह उतनी ही है। मैं सेना के जज्बे, जोश और जुनून को सलाम करती हूं। उन्होंनेकहा कि देशभर में कांग्रेस कार्यालयों से जय हिंद यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा, सभी से अनुरोध है कि वे इसमें भाग लें ताकि भारत सरकार और रक्षा बलों का मनोबल ऊंचा हो।नायक ने भारतीय हवाई हमलों में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के सहयोगियों और परिवार के सदस्यों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पाकिस्तानी सेना की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकी शिविरों पर हमले के बाद, पाकिस्तान ने निर्दोष भारतीयों पर गोला-बारूद बरसाया और साबित कर दिया कि वह आतंकवादियों को पनाह देता है।

# गुजरात सरकार ने लिया बड़ा फैसला

## अब 15 मई तक राज्य में पटाखे फोड़ने और ड्रोन उड़ाने पर लगी रोक

▶▶ वहीं अब भारत में भी एहतियात के तौर पर कदम उठाए जा रहे है। इसी बीच गुजरात सरकार ने शुक्रवार को राज्य भर में 15 मई तक सभी समारोहों और कार्यक्रमों में पटाखों और ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।



एजेंसी

देश भर में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान लगातार भारत की सीमा में गोलीबारी कर रहा है। गुरुवार आठ मई की रात को भी पाकिस्तान ने कई ड्रोन और मिसाइलों से जम्मू, गुजरात, राजस्थान की सीमा के इलाकों में हमले किए है। इनमें से कई रिहायशी इलाके भी है।वहीं अब भारत में भी एहतियात के तौर पर कदम उठाए जा रहे है।

## मुलाकात — पुंछ में प्रभावितों से मुलाकात के बाद बोले उमर अब्दुल्ला

# पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा...



"उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे।"

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है। उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। लेकिन इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी गई। हमने यह स्थिति शुरू नहीं की, पहलगाम में निर्दोष लोग मारे गए, और हमें जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, और इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए। उन्हें तनाव बढ़ाने के बजाय डी-एस्केलेशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती कस्बे में एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि 7 मई को सुबह करीब 6.30 बजे पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले यहां आकर गिरे, जिससे यह घर क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह तय करेगी कि स्कूल बंद किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि इसे बढ़ाया जाएगा तो कितने समय के लिए ऐसा किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए बृहस्पतिवार को अगले दो दिन के लिए स्कूल बंद करने का आदेश दिया।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा, पुंछ में भारी नुकसान हुआ है. पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं. मैं कुछ समय के लिए जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं. पुंछ में स्थिति गंभीर है. उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे.

# पूरी दिल्ली में 40-50 सायरन लगाएगी सरकार...

## हवाई हमले के परीक्षण पर बोले मंत्री प्रवेश वर्मा




"हवाई हमले के सायरन के परीक्षण के दौरान दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौके पर मौजूद थे। पत्रकारों से बात करते हुए वर्मा ने एनसीटी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) सरकार की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि 1-2 दिनों में दिल्ली की ऊंची इमारतों पर इसी तरह के 40-50 सायरन लगाए जाएंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि इन सायरन की रेंज 8 किलोमीटर है।"

एजेंसी


नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार के अधीन नागरिक सुरक्षा निदेशालय ने शुक्रवार को आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मुख्यालय में हवाई हमले के सायरन का परीक्षण किया। हवाई हमले के सायरन के परीक्षण के दौरान दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौके पर मौजूद थे। पत्रकारों से बात करते हुए वर्मा ने एनसीटी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) सरकार की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि 1-2 दिनों में दिल्ली की ऊंची इमारतों पर इसी तरह के 40-50 सायरन लगाए जाएंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि इन सायरन की रेंज 8 किलोमीटर है। दिल्ली के मंत्री ने आगे बताया कि इन सायरन का नियंत्रण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के अधीन है और इसे एक ही कमांड सेंटर द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। वर्मा ने कहा, दिल्ली में सायरन लगाने का काम शुरू हो गया है। दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों पर सायरन लगाए जाएंगे। इसकी रेंज 8 किलोमीटर है। आज रात से दिल्ली की ऊंची इमारतों में 40-50 और सायरन लगाए जाएंगे। किसी भी आपात स्थिति में हम इसे चलाएंगे। हम इसे एक ही कमांड सेंटर से चला सकते हैं... अगर आपात स्थिति होती है तो ये सायरन करीब 5 मिनट तक बजेंगे... इसका नियंत्रण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पास होगा। उन्होंने कहा, चूंकि पीडब्ल्यूडी की बिल्डिंग ऊंची है, इसलिए आज इसे यहां लगाया गया है। आज रात से ऊंची इमारतों में 40-50 ऐसे ही सायरन लगाए जाएंगे।

## सम्पादकीय

### भारत के प्रति घृणा से सना पाकिस्तान, पाक की अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी

पाकिस्तान का दौरा करके लौटने वाले कुछ भारतीय अक्सर पाकिस्तानियों के आतिथ्य सत्कार की तारीफ करते हैं। कुछ पाकिस्तानियों से भारतीयों की घनिष्ठ मित्रता भी हो सकती है। फिर भी उन्हें यह ध्यान रहे कि कुछ पाकिस्तानी भारत के बारे में अच्छी भावनाएं रखते हों लेकिन इससे भारत के प्रति उनके देश एवं सेना के रवैये पर कोई असर नहीं पड़ने वाला ।करीब दो हजार साल पहले चीनी रणनीतिकार सुन जू ने बहुत मार्के की बात कही थी। सुन जू के अनुसार, ह्यअगर आप अपने दुश्मन और अपनी क्षमताओं से परिचित हों तो आपको तमाम लड़ाइयों के परिणाम की फिक्र करने की जरूरत नहीं। अगर आपको अपनी क्षमताएं पता हैं, लेकिन दुश्मन की नहीं तो हर जीत की स्थिति में भी आप हार महसूस करेंगे। अगर आप न अपने दुश्मन से परिचित हैं और न खुद से तो हर लड़ाई में आपकी हार तय है ।ह्ण एक ऐसे समय में जब पाकिस्तान के साथ हमारी तनातनी जारी है तो सुन जू का यह शाश्वत ज्ञान हमारे लिए भी बहुत उपयोगी है। पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के जवाब में भारत के आपरेशन सिंदूर के बाद से जब पाकिस्तान के साथ तल्खी और बढ़ने पर है तब हमारे लिए अपने दुश्मन और उससे जुड़े हुए सभी पहलुओं से परिचित होना कहीं अधिक आवश्यक हो जाता है। याद रहे कि पाकिस्तान में भारत को स्थायी शत्रु माना जाता है और यह कुविचार पाकिस्तानी जनता की मानसिकता में घुला हुआ है। हमें इस दूषित मानसिकता के मर्म को समझना होगा। भारत के प्रति पाकिस्तान की विषैली मानसिकता द्विराष्ट्र सिद्धांत से ओतप्रोत है। इसी जहरीले नजरिये को बीते दिनों पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक संबोधन में जाहिर भी किया, जब उन्होंने हिंदू और मुसलमानों को दो अलग-अलग कौमों के रूप में रेखांकित किया। पाकिस्तान में सत्ता की वास्तविक नियंत्रक सेना यही चाहती है कि बचपन से ही देशवासियों में इस नफरती चिंतन और भारत से घृणा के बीज बोए जाएं। इससे भी बदतर यह है कि लोगों को यही घुट्टी पिलाई जाती है कि हिंदू-मुसलमान के बीच कभी सुलह नहीं हो सकती। पाकिस्तान में यही मान्यता है कि मजहब ही राष्ट्रवाद का आधार है। हालांकि यह बात अलग है कि खुद को इस्लामिक राष्ट्र मानने वाले पाकिस्तान में कभी यह सहमति नहीं बन पाई कि उसे इस्लाम की किस धारा का अनुसरण करना चाहिए। इसलिए आरंभ से ही वह सांप्रदायिकता का शिकार रहा है। पाकिस्तान के उलट भारत में यही मान्यता है कि उसके सभी नागरिकों के पास बराबर अधिकार हैं और धर्म-मजहब निजी मामला है। यह भाव आपरेशन सिंदूर के बाद हुई मीडिया ब्रीफिंग में भी नजर आया, जब एक मुस्लिम महिला सैन्य अधिकारी एक हिंदू महिला सैन्य अधिकारी के साथ उस मंच पर नजर आई

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों का कल घर परिवार में सम्मान मिलेगा. सामाजिक प्रभाव में भी कल वृद्धि होगी. संतान के विवाह को लेकर कल आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है. दिन के आरंभ से ही कल आप सक्रिय रहेंगे और पेंडिंग कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे. राजकीय क्षेत्र से धन प्राप्ति के योग दिखाई दे रहे हैं. कल घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा.

**वृषभ राशि :** आप भविष्य की योजनाओं को लेकर उलझन और चिंतन में रहेंगे. कल सांसारिक सुख-सुविधाओं की वस्तुओं की खरीदारी भी करेंगे. वाहन की देख रेख और मरम्मत पर कल धन खर्च हो सकता है. परिवार के बुजुर्ग सदस्यों से कल सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा. लव लाइफ खुशनुमा रहेगा और प्रेमी के साथ मनोरंजक शाम बिताएंगे.

**मिथुन राशि:** सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपको कल सम्मान मिलेगा. अगर आप पैसों का लेनदेन करने की सोच रहे हैं तो इसमें सावधानी बरतें नहीं तो परेशानी होगी. कल जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक लाभ होगा और हर काम में परिवार और जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा.

**कर्क राशि :** दिन कर्क राशि के लिए लाभकारी रहेगा. मातृ पक्ष से भी धन लाभ होता देखा जा रहा है. विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता मिलेगी. कल आपके ज्ञान विज्ञान में इजाफा होगा और आप परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं.

**सिंह राशि:** आप भौतिक सुख साधनों का आनंद लेंगे और इन पर पैसा भी खर्च करेंगे. कल आप वाहन पर भी धन खर्च कर सकते है. पिता के सहयोग से कोई जरूरी काम कल पूरा हो जाएगा. निकट संबंधियों से मनमुटाव चल रहा है तो इसका भी कल समाधान हो सकता है.

**कन्या राशि:** कन्या राशि के लिए कल का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा. धर्म कर्म के काम में कल आपका मन लगेगा. अगर आप पार्टनरशिप में बिजनेस कर रहे हैं तो साझेदारो से आपको लाभ मिलेगा.

**तुला राशि:** परिवार का सहयोग मिलेगा. आप अपने व्यवहार और बातों से घर में अपना बेहतर मुकाम बना पाएंगे और लोग आपकी बातों को सम्मान भी देंगे. घर में पुराने अटके हुए कार्यों को पूरा करने का अच्छा मौका मिलेगा.

**वृश्चिक राशि:** जातक कल अपने पारिवारिक जीवन में आपसी सहयोग और तालमेल बनाकर रखेंगे. किसी निकट संबंधी से चल रहा तनाव भी कल दूर होगा. लव लाइफ में आपको कल प्रेमी संग आनंददायक पल बिताने का मौका मिलेगा.

**धनु राशि :** धनु राशि के लिए सुखद रहेगा. आप कल परिवार और मित्रों के साथ आनंददायक पल बिताएंगे और अपने कुछ शौक भी परे करेंगे. कल आप घर के कुछ जरूरी सामानों की खरीदारी कर सकते हैं. ससुराल के संबंधियों से आपको कल लाभ और सहयोग मिलेगा.

**मकर राशि :** वस्तु खराब हो सकती है जिसकी वजह से परेशानी होगी और धन भी खर्च करना होगा. आपको कल घर की जरूरतों और व्यवस्था पर भी धन खर्च करना होगा.वैसे पारिवारिक जीवन में आपसी प्रेम और तालमेल बना रहेगा.

**कुंभ राशि:** दिन आनंददायक रहेगा.आपके लिए सलाह है कि कल भारी सामान उठाने से बचें नहीं तो कमर कंधे में दर्द हो सकता है. लंबे समय बाद कल आप किसी मित्र या संबंधी से मिल सकते है.

**मीन राशि :** आपको कल सेहत के प्रति ध्यान रखना होगा. वाहन सावधानी से चलाएं. वैसे कल का दिन आपको माता और मातृपक्ष से लाभ दिला सकता है.कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो उसके लिए जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा. व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा और पूर्व में किए गए निवेश और परिश्रम का भी आपको लाभ मिलेगा. बच्चों से आपको कल सहयोग और सुख मिलेगा. किसी पड़ोसी का व्यवहार आपको भावुक बनाएगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# नेतृत्व के साथ जनता भी एकजुट रहे, सकारात्मक माहौल बनाए रखने की जरूरत

> जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करना पाकिस्तान की विषैली विचारधारा के विरुद्ध संवैधानिक स्ट्राइक थी लेकिन देश में अनेक लोग यह समझने को तैयार नहीं थे। यह आत्मघाती व्यवहार है। चारों ओर दुश्मनों से घिरे इजरायल की तुलना पूरी तौर पर तो भारत से नहीं हो सकती लेकिन भारत के दो पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश भी मजहबी उन्माद से ग्रस्त हैं

पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के विरुद्ध आपरेशन सिंदूर जैसे अविश्वसनीय पराक्रम के प्रदर्शन ने एक साथ कई बातें प्रमाणित कर दी हैं। इनमें सर्वप्रमुख यह है कि राजनीतिक नेतृत्व के पास दिशा, संकल्प और साहस हो तो बड़ी से बड़ी जोखिम भरी कार्रवाई कर देश को सुरक्षित कर सकता है। यदि राजनीतिक नेतृत्व को जनता का समर्थन हो तो फिर संकल्प को पूरा करने में चाहे जितनी बाधाएं और चुनौतियां आएं, वह उनसे भी पार पा सकता है। पहले भी यही वायु सेना, थल सेना और नौसेना थी ।बावजूद इसके 2008 में मुंबई आतंकी हमले के बाद पूरा देश मन मसोस कर रह गया। वायु सेना तब भी कार्रवाई के लिए तैयार थी, लेकिन तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार पाकिस्तान की ओर से आने वाली प्रतिक्रिया से हिचक गई। यदि उस समय भारत ने ऐसा ही पराक्रम दिखाया होता तो सीमा पार आतंक के खतरे पर एक हद तक अंकुश लगाया जा सकता था। यदि आज प्रधानमंत्री मोदी नहीं होते तो क्या भारत एक साथ लश्कर, जैश, और हिजबुल के आतंकी अड्डों को मिसाइलों से ध्वस्त करने का साहस दिखाता? मोदी के नेतृत्व में सेना ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में एयर स्ट्राइक करके इस मिथ को तोड़ा था कि पाकिस्तान की



जवाबी कार्रवाई समस्या बन सकती है। इस समय पाकिस्तान बयान जो भी दे, भारतीय सैन्य कार्रवाई रोकने की उसकी तैयारी नहीं थी। उसकी परमाणु धमकी भी फुस्स हो गई। जब नेतृत्व के सामने देश की पूर्ण सुरक्षा और अपने लोगों के जान-माल की रक्षा लक्ष्य हो तो फिर वह दाएं-बाएं नहीं देखता ।पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक रूप से आतंकियों और सरपरस्तों को मिट्टी में मिलाने की घोषणा कर रहे थे और इसकी तैयारी के संकेत भी दे रहे थे। यह तैयारी रंग लाई। आतंकियों के अड्डे मटियामेट हो गए। गजवा-ए-हिंद की सनक से ग्रस्त जैश का सरगना मौलाना मसूद अजहर रोते हुए बोला कि मैं क्यों जिंदा बच गया? निःसंदेह यह देश के लिए युगांतरकारी विजयोत्सव जैसा क्षण है, किंतु क्या देश के आम लोगों की इसके लिए मानसिक तैयारी है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जो कीमत चुकानी पड़े, हम चुकाएंगे? यदि पाकिस्तान प्रत्युत्तर में कार्रवाई करता है और सैन्य टकराव लंबा खिंचता है तथा हमें भी कुछ क्षति उठानी पड़ती है तो देश को इसी तरह राजनीतिक नेतृत्व के संकल्प के साथ खड़ा रहना होगा ।यह इसलिए अपरिहार्य है, क्योंकि कुछ लोग सफलता की स्थिति में चरम आनंद और थोड़ी कठिनाई आने पर चरम विरोध की सीमा तक चले जाते हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि मोदी, भाजपा और संघ से एक वर्ग अपने वैचारिक विरोध को अंधविरोध के स्तर तक ले गया है। ऐसे लोग पागलपन की हद तक जाकर विरोध करने और भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं ।आज किसी के पास सर्जिकल स्ट्राइक या एयर स्ट्राइक की तरह आपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने का कोई आधार नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान स्वयं कह रहा है कि भारत ने उसके यहां मिसाइलें और ड्रोन दागे। आतंकी ठिकानों के नष्ट होने के वीडियो और तस्वीरें पाकिस्तान से ही आ रही हैं। यदि ऐसा न होता तो शायद इस समय सरकार के साथ खड़े विपक्षी नेता सेना और देश का मनोबल गिराने के लिए तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे होते ।आपरेशन सिंदूर के बाद राजनीति से लेकर समाज के स्तर पर जो सकारात्मक माहौल बना, उसे बनाए रखने की जरूरत है। अभी यह मानना सही नहीं होगा कि पाकिस्तान सुधर जाएगा। जनरल आसिम मुनीर ने मजहब, कलमा और जिहाद को पाकिस्तान की विचारधारा बताया तो यह अकेले उनका कुविचार नहीं है। पाकिस्तान दूषित विचारधारा वाला देश है और इसीलिए वह कश्मीर ही नहीं, संपूर्ण भारत पर कब्जा करने का मुगालता पाले है। पाकिस्तान के कथित उदार चेहरों की भी भाषा कैसे बदल गई, यह हमारे सामने है ।जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करना पाकिस्तान की विषैली विचारधारा के विरुद्ध संवैधानिक स्ट्राइक थी, लेकिन देश में अनेक लोग यह समझने को तैयार नहीं थे। यह आत्मघाती व्यवहार है। चारों ओर दुश्मनों से घिरे इजरायल की तुलना पूरी तौर पर तो भारत से नहीं हो सकती, लेकिन भारत के दो पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश भी मजहबी उन्माद से ग्रस्त हैं और चीन भी भारत से जलता है और पाकिस्तान का संरक्षक बना हुआ है। जो देश गजवा-ए-हिंद की बात करता हो, उससे खतरा स्थायी है। इस खतरे के प्रति हर समय सचेत रहना होगा, क्योंकि पाकिस्तान में लोगों को भारत के खिलाफ जिहाद के नाम पर कुर्बान होने की सनक सवार है ।भारत ने आपरेशन सिंदूर की सफलता बयान करने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सामने लाकर यही संदेश दिया कि यदि पाकिस्तानी आतंकी भारतीय महिलाओं का सुहाग उजाड़ते हैं तो वे और उनके आका नेस्तनाबूद होने के लिए तैयार रहें। निःसंदेह आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता गर्व करने का क्षण है, क्योंकि आजाद भारत के इतिहास में 1971 के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक क्षण है, किंतु यह पूर्ण विराम नहीं। आपरेशन सिंदूर तो जिहादी खतरे को संपूर्ण रूप से नष्ट करने की शुरूआत है।

## आपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण, पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त

(मनोज कुमार अग्रवाल)





पहलगाम हमले के बाद देशवासियों को जिस कार्रवाई का इंतजार था, आखिरकार देश के जांबाज जवानों ने उसको अंजाम दे ही दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले की साजिश रचने वाले आतंकवादी समूहों और इसके आका पाकिस्तान पर ऐसा प्रहार किया है, जिसको वह कभी भी भूल नहीं पायेंगे। वहीं आपरेशन सिंदूर के दूसरे दिन समूचा पाकिस्तान धमाकों से दहल उठा है। पाकिस्तान में सीरियल ब्लास्ट हो रहे हैं। पाक के 10 शहरों में 15 से ज्यादा धमाके हुए हैं। लाहौर, कराची, रावलपिंडी, बहावलपुर, गुजरांवाला में ब्लास्ट हुए हैं। पाकिस्तान के उमरकोट में धमाका हुआ। रावलपिंडी में भी धमाके की खबर सामने आयी है। न्यूज चैनलों के अनुसार रावल पिंडी का क्रिकेट स्टेडियम भी तबाह हो गया है। बहावलपुर में भी लगातार दूसरे दिन धमाके हुए हैं पाकिस्तानी सेना ने 9 धमाकों की पुष्टि की है। पाकिस्तान के लाहौर में आर्मी कैंट इलाके में धमाका हुआ है। लाहौर में ड्रोन हमले से भारी नुकसान हुआ है। ड्रोन हमले के बाद आर्मी कैंट इलाके में आग लगी है। लाहौर में नौसेना कैंप पर भी ड्रोन अटैक हुआ है। धमाकों में नौसेना कैंप को भारी नुकसान हुआ है।

रावलपिंडी में पाक एयरफोर्स के बेस पर ड्रोन अटैक हुआ है। एक साथ कई ड्रोन से हमला किया गया है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। हमले में एयरफोर्स को भारी नुकसान की खबर सामने आयी है। लाहौर में एक के बाद एक लगातार 3 धमाके हुए है। धमाकों से लाहौर में अफरा-तफरी मच गई है। शहर में दहशत का माहौल बन गया है। भयभीत लोग सड़कों पर आ गए है। लाहौर ओल्ड एयरपोर्ट के पास ये ब्लास्ट हुआ है। वाल्टन रोड, गोपाल नगर में भी धमाके की खबर है। वाल्टन एयरपोर्ट के पास ड्रोन धमाका हुआ है। एक चश्मदीद ने मिसाइल अटैक का दावा किया है। धमाकों के बाद आसमान में धुएं का गुबार दिखा, जिसे देख लोगों में अफरा तफरा मच गई। अभी इन धमाकों की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है।

ताजा अपडेट के मुताबिक आज भारत ने आपरेशन सिंदूर के दूसरे चरण की शुरूआत कर दी है। भारत के पंद्रह शहरों पर पाकिस्तान ने मिसाइल हमले की कोशिश की जिसे भारत के डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के लाहौर में एअर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के ठीक दो हफ्ते बाद ऑपरेशन सिंदूर में भारत की तरफ से दागी गई मिसाइ ?लों ने पाकिस्तान समर्थित नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। इनमें जैश ए मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर का बहावलपुर में स्थित सुभान अल्लाह मरकज भी शामिल है। भारत की कड़ी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में खौफ और खलबली मच गयी है। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों की इमरजेंसी मीटिंग्स हो रही हैं।

दूसरी तरफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हमारे देश में जश्न का माहौल है, क्योंकि देशवासी यही चाहते थे कि आतंकियों पर ऐसा प्रहार हो, जो उनको मरने तक याद रहे। साथ ही उन परिवारों के जख्मों पर मरहम लगा है जिन्होंने पहलगाम हमले में अपनों को खोया है। विशेषकर उन महिलाओं को जिन्होंने अपने पति को खोया है। पहलगाम हमले का मकसद कश्मीर घाटी में दहशत फैलाना था। आतंकियों ने महिलाओं के सामने उनके पतियों के सिर में गोली मारी थी। ये बहुत गहरे जख्म हैं, जिन्हें वो महिलाएं कभी नहीं भुला पाएंगी, जिन्होंने अपना सुहाग इस हमले में खो दिया। ऐसे में जब भारत ने इन आतंकियों को जवाब दिया, तो ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा। ऑपरेशन सिंदूर से बेहतर नाम इस हमले का शायद हो ही नहीं सकता था। यह ऑपरेशन उस सिंदूर का बदला है, जो बैसरन घाटी में सुहागनों के माथे से पोंछ दिया गया और उनकी मांग सूनी कर दी गई थी। इसके अलावा सशस्त्र सेना की दो महिला अधिकारियों के जरिए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी प्रस्तुत कर यह संदेश दे दिया गया है कि भारतीय सेना किस तरह मजबूत और आत्मनिर्भर है। यह सरकार का पाकिस्तानी अधिकारियों को बहुत बड़ा जवाब है। नारी शक्ति के प्रदर्शन से जहां भारत ने अपने देश की समृद्धि का प्रदर्शन किया है, वहीं पाकिस्तान को यह भी बताया है कि भारत से टक्कर मत लो, क्योंकि यहां हथियार उठाने में सिर्फ मर्द नहीं बल्कि औरतें भी उतनी ही मजबूत हैं। नारी शक्ति के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक तरह से आईना भी दिखाया है कि उनके देश में जहां महिलाएं आज भी बुर्के में कैद हैं, वहीं भारतीय महिलाएं देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सबसे बड़ी बात है कि भारत ने पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकाने या आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया है। सेना द्वारा दी गई ब्रीफिंग में यह स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय सेना ने सिर्फ और सिर्फ उन अड्डों को निशाना बनाया है, जहां आतंकी थे और जहां कसाब और उसके जैसे अन्य आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी है कि स्ट्राइक में 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं और उनके ट्रेनिंग कैंप पूरी तरह तबाह हो गए हैं। आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग मारे गए हैं। सोशल मीडिया में जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उसमें यह दिख रहा है कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। इन वीडियो से यह साफ होता है कि आतंकवाद से पाकिस्तान का कितना करीबी नाता रहा है, भले ही पाकिस्तान इस बात से इनकार करता रहा हो। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को एक तकनीकी रूप से उन्नत और सैन्य रूप से सक्षम राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया है। वैश्विक समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, रूस और इजरायल ने भारत के मिसाइलों की सटीकता की प्रशंसा की है। ऑपरेशन ने पाकिस्तान की चीन प्रायोजित वायु रक्षा प्रणालियों को भेदकर भारत की तकनीकी श्रेष्ठता को प्रदर्शित किया। यह चीन-पाकिस्तान गठजोड़ के लिए एक चेतावनी थी कि भारत क्षेत्रीय चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। सभी मिसाइलों ने अपने सटीक निशानों को भेदा, जो भारतीय तकनीक और रक्षा प्रणाली के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है। उनत मिसाइलों, स्पाइस-2000, निर्भय, पुख्ता खुफिया जानकारी और तीनों सेनाओं के संयुक्त समन्वय ने नौ आतंकी ठिकानों को 25 मिनट में नष्ट कर दिया। इस सफलता ने भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर सैन्य क्षमता को प्रदर्शित किया। देखा जाए तो भारत ने पहलगाम हमले के बाद से ही उचित और कल्पना से परे जवाब देने की ठान रखी थी।

## सेना, सरकार और नागरिक सहयोग से ही संभव है आतंक का मुकाबला

(विवेक रंजन श्रीवास्तव)

भारत ने हाल ही में पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक मिसाइल हमलों से पकिस्तान के कश्मीर में किए आतंक का बेहतरीन बदला लिया। यह कार्रवाई न केवल भारतीय सेना की सैन्य कुशलता का प्रतीक है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ देश की स्पष्ट नीति को भी दशार्ती है। प्रगट रूप से यह ऑपरेशन एक सैन्य कार्यवाही है। किंतु आतंक के विरुद्ध इस तरह के आपरेशन सफल तभी होते हैं जब सेना, सरकार और नागरिकों के बीच समन्वय का एक सशक्त ढाँचा मौजूद हो। आतंकवाद से लड़ाई केवल बंदूकों और मिसाइलों से नहीं, बल्कि राष्ट्र के नागरिकों की सजगता, सहयोग और राष्ट्रभक्ति से भी जीती जाती है।

### सीमाओं का कवच

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से यह साबित किया है कि वह भारत पर किसी आक्रमण या आतंकी घटनाओं का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। सेना की यह ताकत केवल हथियारों की ताकत नहीं, बल्कि उच्चस्तरीय रणनीति, खुफिया जानकारी और साहस का परिणाम है। सेना के जवान सीमाओं पर दिन-रात तैनात रहकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे ऑपरेशन इसके उदाहरण हैं, जिन्होंने आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर देश की उसी नीति का हिस्सा है। नीति निर्माण से लेकर वैश्विक कूटनीति और सेना को छूट देना सरकार का दायित्व है। सेना को राजनीतिक और तकनीकी समर्थन जनता की ताकत और एकजुटता ही प्रदान करती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशन के पीछे सरकार की मंशा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने की कोशिशें और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक गठजोड़ बनाने की रणनीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### नागरिकों की जिम्मेदारी

नागरिक सहयोग सुरक्षा का तीसरा स्तंभ है ।यदि सेना और सरकार देश की रीढ़ हैं, तो नागरिक उसकी आत्मा। आतंकवाद से लड़ाई में नागरिकों की भूमिका कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है । सूचना और खुफिया सहयोग स्थानीय निवासी ही दे सकते हैं। सूक्ष्म निरीक्षण तथा सतर्क रहने से आतंकियों की गतिविधियों के बारे में नागरिकों को जमीनी जानकारी हो सकती है। उदाहरण के लिए, जम्मू-कश्मीर में कई बार ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के ठिकानों की जानकारी देकर बड़ी घटनाओं को रोका है। 'आवाम की आवाज' जैसे अभियान इसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं। सामाजिक जागरूकता और एकता आतंकवाद की सबसे बड़ी हार है। 2008 के मुंबई हमले के बाद देशभर में एकजुटता का जो स्वर उभरा, उसने आतंकवादियों के मनोबल को तोडा। नागरिकों का यही साहस आतंकवाद को विफल बनाता है। बदलते परिवेश में तकनीकी और डिजिटल जागरूकता के साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की जरूरत है। आतंकी समूहों का प्रचार-प्रसार रोकने में नागरिकों की भूमिका अहम है ।झूठी खबरों को रिपोर्ट करना, युवाओं को कट्टरपंथी विचारों से बचाने के लिए जागरूकता फैलाना, और साइबर स्पेस में सक्रिय रहना, ये सभी आधुनिक समय की आवश्यकताएँ हैं। केरल जैसे राज्यों में मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ फतवा जारी किया। ऐसी पहलें समाज के अंदर से ही आतंकवाद की विचारधारा को चुनौती देती हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में आतंकवाद से लड़ना सबके सम्मिलित प्रयासों से ही संभव है।

# अजित से हाथ मिलाएंगे या नहीं, बेटी सुप्रिया सुले को जिक्र करके शरद पवार ने दिया बड़ा इशारा

एनसीपी में फूट के दो साल बाद अब दोनों गुटों में सुलह की बात चल रही है। शरद पवार ने फैसला नई पीढ़ी के बहाने सुप्रिया सुले पर छोड़ दिया है। सुले अजित पवार के महायुति से बाहर निकलने की शर्त पर अड़ी बताई जा रही हैं। ऐसे में शरद पवार ने एक बार फिर बेटी की मंशा को तवज्जो दी है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: राष्ट्रवादी कांग्रेस के दोनों गुटों के विलय को लेकर पिछले कई महीनों से अटकलें लगाई जा रही हैं। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने इससे जुड़े सवाल का जवाब देकर तय कर दिया कि उनकी उत्तराधिकारी सुप्रिया सुले ही रहेंगी। इंडियन एक्सप्रेस से इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि अजित पवार की एनसीपी के साथ हाथ मिलाने पर फैसला अगली पीढ़ी के नेता लेंगे। खासकर उनकी बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले इस पर निर्णय लेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ लोग विकास कार्यों के लिए अजित पवार के साथ जाने की बात कर रहे हैं, तो कुछ इसके खिलाफ हैं। इस बीच अजित पवार की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि उनकी पार्टी महायुति के साथ रहेगी। अगर शरद गुट से ऐसा प्रस्ताव आता है तो पार्टी का कोर ग्रुप इस पर बात करेगा। सुप्रिया सुले की शर्त से अटका विलयमहाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से अजित पवार और शरद पवार के बीच कई मौकों पर मुलाकातों का दौर चला। इसके अलावा दोनों नेताओं के पर्दे के पीछे बातचीत की खबरें भी आईं।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच मुंबई सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद पर 11 मई से लगेगी रोक

भारत पाकिस्तान के बीच टकराव के बीच मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में सर्तकता बरती जाएगी। 11 मई से गणपति बप्पा के भक्त मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद नहीं चढ़ा पाएंगे। मंदिर प्रशासन ने पहलगाम हमले और फिर ऑपरेशन सिंदूर के बनी स्थिति के बाद यह फैसला लिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: पहलगाम आतंकी हमले औ फिर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद पर रोक लगा दी गई है।

भगवान गणेश को समर्पित मंदिर के प्रबंधन ने कहा है कि सुरक्षा कारणों से 11 मई से मंदिर में नारियल, माला और प्रसाद चढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दक्षिण मुंबई के प्रभादेवी क्षेत्र में स्थित यह मंदिर एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है जो बड़ी संख्या में भक्तों को आकर्षित करता है। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर ने कहा कि मंदिर में हर रोज हजारों लोग आते हैं। यह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में है। हाल में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ट्रस्ट के साथ बैठक की।

### 11 मई से लग जाएगी रोक

सरवणकर ने कहा कि हमें सरकार और पुलिस ने कई सलाह दी हैं। सुरक्षा उपायों के बारे में उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को चढ़ाए जाने वाले नारियल सुरक्षा जांच के दौरान पहचान में नहीं आते और इससे खतरा हो सकता है। प्रसाद में जहर हो सकता है। इससे बचने के लिए हम कुछ वक्त तक भगवान को माला और नारियल चढ़ाने की अनुमति नहीं देंगे। सदा सरवणकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को देखते हुए यह उपाय अस्थायी है। सरवणकर ने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर के बाहर फूल विक्रेताओं से बात की। जिन्होंने 11 मई से यह पहल शुरू करने का अनुरोध किया ताकि वे अपना मौजूदा स्टॉक खत्म कर सकें।

### सुरक्षा को 20 जवानों की तैनाती

शिवसेना के पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि मंदिर ट्रस्ट यह भी देखने का प्रयास कर रहा है कि क्या वह भक्तों के लिए फूल और दूर्वा घास उपलब्ध करा सकता है ताकि वे इसे भगवान को अर्पित कर सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रस्ट सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त 20 जवानों की भी भर्ती करेगा और वे हथियारबंद होंगे। सर्वणकर ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस और मंदिर ट्रस्ट की जिम्मेदारी है।

फास्ट ट्रैक

# रविवार, 11 मई, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

**पश्चिम रेलवे का माहिम एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 10/11 मई, 2025 की मध्यरात्रि को माहिम जंक्शन एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 01.00 बजे से 04.30 बजे तक 3.5 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के दौरान डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर चलायी जायेंगी। ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महालक्ष्मी, प्रभादेवी एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण इन ट्रेनों को लोअर परेल, माहिम एवं खार रोड स्टेशनों पर डबल हॉल्ट दिया जायेगा। इसी प्रकार, अप धीमी लाइन की ट्रेनें सांताक्रुज से मुंबई सेंट्रल/चर्चगेट के बीच अप फास्ट लाइन पर चलायी जायेंगी, जो खार रोड स्टेशन पर डबल हॉल्ट लेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल एवं महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त ब्लॉक व्यवस्था को ध्यान में रखें। अतः रविवार, 11 मई, 2025 को पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

# मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने लंबे समय से सेवारत कर्मचारियों के सम्मान के साथ मई दिवस 2025 मनाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने अध्यक्ष श्रीमती आशा मीना के नेतृत्व में 8 मई 2025 को न्यू ऑफिसर्स क्लब, निर्मल पार्क, भायखला में बड़े उत्साह के साथ मई दिवस 2025 मनाया। यह कार्यक्रम मध्य रेल के उन कर्मचारियों की समर्पित सेवा को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक सेवा में योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मंडलों, कारखानों और मुख्यालयों के कुल 24 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को उनकी उत्कृष्ट सेवा प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक प्रशस्ति प्रमाण पत्र, एक उपहार और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बनाते हुए एक वरिष्ठतम कर्मचारी, जिन्होंने 39 वर्ष की विशिष्ट रेलवे सेवा पूरी कर ली है को विजेता का सम्मान प्रदान किया गया, उन्हें गुड लक प्लांट भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्य रेल के विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें नागपुर मंडल के तीन, पुणे मंडल के तीन, भुसावल मंडल के तीन, मुंबई मंडल के दो, सोलापुर मंडल के पांच, माटुंगा वर्कशॉप के एक और मुख्यालय कार्यालयों के सात पुरस्कार विजेता शामिल थे। इस अवसर को उत्सवी बनाने के लिए पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे एक आनंदमय और समावेशी माहौल बना। श्रीमती बबीता पांडे, सचिव - सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें पुरस्कार विजेताओं के समर्पण की सराहना की और उनके कल्याण और समृद्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस कार्यक्रम में श्रीमती आशा मीना, अध्यक्ष, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ; श्रीमती प्रेरणा गोस्वामी, उपाध्यक्ष, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ; श्रीमती बबीता पांडे, सचिव, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ; कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ उपस्थित थे, जिन्होंने सामूहिक रूप से पुरस्कार विजेताओं के अमूल्य योगदान की सराहना की यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण और मान्यता के लिए सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध का जश्न मनाने वालों पर बरसे संजय राउत, बोले- पूरी दुनिया हम पर हंस रही है...

संजय राउत ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए मीडिया में गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने की सरकार से अपील की है। उन्होंने युद्ध का जश्न मनाने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि सीमा पर रहने वाले लोग दहशत में हैं और आम नागरिक खतरे में हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो तनाव बढ़ रहा है। सरकार को मीडिया में गलत जानकारी फैलने से रोकना चाहिए। दोनों देश लगातार एक दूसरे पर हमले कर रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान को खतरा है। संजय राउत ने उन लोगों की भी आलोचना की जो युद्ध का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सेना और शहीद हो रहे जवानों की मदद करनी चाहिए।संजय राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार को ऐसे समय में मीडिया में जो गलत बातें फैलाई जा रही हैं, उन्हें रोकना चाहिए। नहीं तो, हमारी सेना का हौसला टूट जाएगा।'सेना का सम्मान जरूरी'शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता ने कहा कि पूरी दुनिया हम पर हंस रही है। यहां तक कि सेना से रिटायर हो चुके लोग भी कह रहे हैं कि 'यह क्या हो रहा है?' कुछ लोग तो ळश पर बैठकर ऐसे बात कर रहे हैं जैसे क्रिकेट पर कॉमेंट्री कर रहे हों। सेना का सम्मान बनाए रखना चाहिए, क्योंकि वे लड़ रहे हैं, हम नहीं।

### 'बॉर्डर पर दहशत'

संजय राउत ने युद्ध को लेकर जो माहौल बनाया जा रहा है, उस पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि युद्ध का जश्न नहीं मनाना चाहिए, क्योंकि सीमा पर रहने वाले लोग हमेशा खतरे में रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम सेना का समर्थन नहीं कर रहे हैं, बल्कि युद्ध का जश्न मना रहे हैं। सेना को यह तो बताने दो कि उन्होंने हमला किया है या नहीं। रक्षा मंत्री को बयान देना चाहिए। मुझे सरकारी प्रेस नोट पर भरोसा है। लेकिन, युद्ध का जो माहौल बनाया जा रहा है, उससे लोगों में डर पैदा हो रहा है। जरा देखिए कि जम्मू- कश्मीर, जैसलमेर और कच्छ में लोग किन हालातों में जी रहे हैं। मुंबई, कोलकाता और दिल्ली में रहने वालों को कोई डर नहीं है। इसलिए हम यह सब कर रहे हैं।

### 'लोग मर रहे और हम जश्न मना रहे...'

संजय राउत ने महानगरों में रहने वाले लोगों द्वारा युद्ध का जश्न मनाने पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलीबारी में जम्मू- कश्मीर के पुंछ जिले में बच्चों सहित कई लोग मारे गए हैं। उन्होंने आगे कहा, 'पुंछ में बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हो गई है। जम्मू-कश्मीर में अंधेरा छाया हुआ है। आम नागरिक खतरे में हैं। जरा देखिए कि वे युद्ध का सामना कर रहे हैं और फिर हम जश्न मना रहे हैं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा उधना - रक्सौल के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाई जाएगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उधना रक्सौल के बीच विशेष किराये पर एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विशेष ट्रेन का विवरण निम्नानुसार हैः

ट्रेन संख्या 05560/05559 उधना झ रक्सौल साप्ताहिक विशेष [22 फेरे]

ट्रेन संख्या 05560 उधना रक्सौल विशेष प्रत्येक रविवार को उधना से 15.35 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 00.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 मई, 2025 से 27 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05559 रक्सौल झ उधना विशेष प्रत्येक शनिवार को रक्सौल से 05.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.35 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 मई, 2025 से 26 जुलाई, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, लालितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज एवं सिकटा स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 05560 की बुकिंग 11 मई, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव के समय एवं डिब्बों की संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवलोकन करें।

# IRCTC द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा आला हेरिटेज टूर

**पहली 100 बुकिंग पर 5% की छूट.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



IRCTC की विशेष टूर पेशकश में रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) शामिल हैं।

बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूरह09 जून, 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है। 05 रातों और 06 दिनों की यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से शुरू होगा।

अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन जिसमें स्लीपर, एसी ककक टियर और एसी-कक टियर कोच हैं, जिसमें कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता है।

पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकते हैं।

आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा।

पहले दिनः छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कोंकण रेलवे नेटवर्क पर मानगांव रेलवे स्टेशन के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर, पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे में होटल में रात बिताएंगे।

दूसरे दिनः जैसा कि नाम से पता चलता है, लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था जहाँ लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दशार्ता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई ने बनवाया था। तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे - छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क। पर्यटक मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। पुणे में रात्रि विश्राम के बाद

तीसरे दिन : मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवनेरी किला जुन्नार शहर के ऊपर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है। दोपहर के भोजन के बाद, पर्यटक रात के विश्राम के लिए पुणे लौटने से पहले 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दौरा करेंगे।

चौथे दिनः पर्यटक सतारा की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार होंगे। इस स्टेशन से कवर किया जाने वाला मुख्य स्थल प्रतापगढ़ किला है जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ के युद्ध के कारण ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस युद्ध ने मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए मंच तैयार किया था। यात्रा के बाद, पर्यटक एक उपयुक्त स्थान पर दोपहर का भोजन करेंगे और वापस ट्रेन के लिए रवाना होंगे क्योंकि यह इस दौरे के अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ेगी।

5वें दिनः ट्रेन सुबह-सुबह छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। नहाने-धोने और होटल में नाश्ता करने के बाद पर्यटक अंबाबाई के नाम से लोकप्रिय महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे और उसके बाद पन्हाला किला देखेंगे। सह्याद्री पर्वतमाला के ऊपर स्थित यह पहाड़ी किला कई लड़ाइयों का गवाह है और छत्रपति शिवाजी महाराज से इसका गहरा संबंध है, जिन्होंने 500 से अधिक दिन वहां बिताए थे जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था और बाद में वे भाग निकले थे। पन्हाला किला - जिसे 'सांपों का किला' भी कहा जाता है क्योंकि यह आकार में टेढ़ा-मेढ़ा है। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज और शंभाजी महाराज के जीवन इतिहास से जुड़ा हुआ है। इस किले पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु देशपांडे द्वारा दिखाए गए वीरता के लिए याद किया जाता है

इकोनॉमी (स्लीपर क्लास) में प्रति व्यक्ति 13,155/-, कम्फर्ट (3AC) में प्रति व्यक्ति 19,840/- और सुपीरियर (2AC) के लिए प्रति व्यक्ति 27,365/- रुपये का पैकेज है।पहली 100 सीधे बुकिंग पर 5% की छूट दी गई है। सभी श्रेणियों में सर्वसमावेशी मूल्य में संबंधित वर्गों में ट्रेन यात्रा, आरामदायक होटलों में रात का ठहराव, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), बसों में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा, टूर एस्कॉर्ट की सेवाएं आदि शामिल होंगे। मेहमानों को एक सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए IRCTC द्वारा सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC की वेबसाइटः https:// www. irctctourism.com/bharatgaurav पर जा सकते हैं, और वेब पोर्टल पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, आप IRCTC से 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल- गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और उनकी बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 11 मई, 2025 से ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल- गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस में तीन अतिरिक्त एसी चेयर कार कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया है।भारत की प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में से एक के रूप में, यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ तेज, आरामदायक और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करती है। मुंबई और गांधीनगर केपिटल के बीच अपनी हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के लिए जानी जाने वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता में और वृद्धि होगी, जिससे सालाना सीधे 85,000 से अधिक यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता बढ़ जाएगी।

# मुंबई में बढ़ गया बेस्ट बसों का किराया, दो गुना ज्यादा बढ़े किकट के दाम

मुंबईकरों को अब बेस्ट बसों में सफर करना महंगा पड़ेगा। बेस्ट प्रशासन ने शुक्रवार से किराए में बढ़ोतरी कर दी है। नॉन-एसी बसों का न्यूनतम किराया 5 रुपये से बढ़कर 10 रुपये और एसी बसों का 6 रुपये से बढ़कर 12 रुपये हो गया है। यह बढ़ोत्तरी दो गुनी है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई : बेस्ट प्रशासन ने मुंबईकरों को बड़ा झटका दिया है। बेस्ट ने शुक्रवार से बस किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब मुंबईकरों को बेस्ट से सफर करने के लिए अधिक किराया देना होगा। नॉन - एसी बसों का न्यूनतम किराया 5 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है। वहीं, एसी बसों का न्यूनतम किराया 6 से बढ़ाकर 12 रुपये कर दिया गया है। बेस्ट प्रशासन के अनुसार, यह निर्णय वर्ष 2019 के बाद पहली बार किराया संशोधन के तहत लिया गया है। साथ ही, अब 50 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए नए किराया स्टेज जोड़े गए हैं और 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए आधे किराए की सुविधा फिर से शुरू कर दी गई है।बेस्ट प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार से दैनिक और मासिक पास भी महंगे हो जाएंगे। दैनिक पास का किराया 60 रुपये से बढ़कर 75 रुपये किया गया है। वहीं, मासिक पास से अनलिमिटेड यात्रा के लिए मासिक पास का किराया 900 से बढ़ाकर 1800 कर दिया गया है।छात्रों के लिए छूट लागूस्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए राहत बरकरार रखी गई है। 26 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वर्तमान रियायती दरों पर पास मिलते रहेंगे। बीएमसी स्कूल के यूनिफॉर्म धारी छात्रों को पहले की तरह चलो स्मार्टकार्ड के जरिए मुफ्त यात्रा की सुविधा जारी रहेगी।बेस्ट की आर्थिक स्थित बेहतर करने का प्रयासबेस्ट प्रशासन का कहना है कि किराया

# मुंबई में एयरपोर्ट के पास मंडरा रहा था संदिग्ध ड्रोन, मस्जिद से आई सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच मुंबई के साकीनाका में एक अज्ञात ड्रोन देखा गया। एयरपोर्ट के पास मंडरा रहे इस ड्रोन के नजर आते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। ड्रोन दिखने की खबर मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। पुलिस ड्रोन को ढूंढ रही है। सहार एयरपोर्ट ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को इस बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी शुरू कर दी।


## पश्चिम रेलवे उधना ⇌ रक्सौल के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाएगा

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05560 | उधना – रक्सौल (साप्ताहिक) | 18/05/2025 से 27/07/2025 | 15:35 बजे (रविवार) | 00:15 बजे (मंगलवार) |
| 05559 | रक्सौल – उधना (साप्ताहिक) | 17/05/2025 से 26/07/2025 | 05.30 बजे (शनिवार) | 12.35 बजे (अगले दिन) |

**हाल्ट:** भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज और सिकटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

**ठहराव के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।**

**ट्रेन संख्या 05560 की बुकिंग 11/05/2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।**

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

# 16 हजार करोड़ मिलने के बाद ठाणे का विकास अधूरा

## ठाणे से बीकेसी तक कांग्रेस निकलेगी लंबा मार्च

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मनपा को पिछले 15 वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों से 16,000 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। हालांकि, इतनी बड़ी धनराशि प्राप्त होने के बावजूद ठाणे में समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं और ठाणे का विकास बाधित हो रहा है।ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ठाणे में विकास कार्यों की जानकारी लेने के लिए कासर वडवली से बीकेसी एमएमआरडीए कार्यालय तक लंबा मार्च निकाला जाएगा। ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार ने कांग्रेस और भाजपा के शासनकाल के दौरान पिछले 15 वर्षों में बीएसयूपी और स्मार्ट शहरों के लिए 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। चव्हाण ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में एकनाथ शिंदे के माध्यम से राज्य सरकार से 16,000 करोड़ रुपये और मनपा बजट से 16,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।इतने करोड़ रुपए मिलने के बाद शहर को शंघाई बनाना ही था। हालाँकि, ठाणे शहर भीड़भाड़, यातायात की भीड़, अनधिकृत निर्माण, स्कूलों की स्थिति, जल निकासी, खतरनाक इमारतों के लिए क्लस्टर योजना जैसी कई समस्याओं का सामना कर रहा है। यदि इतना पैसा आया तो वह कहां गया? यह सवाल विक्रांत चव्हाण ने उठाया है। इसलिए हर विभाग में किए गए कार्यों की जांच होनी चाहिए, टेंडर प्रक्रिया से लेकर जांच जरूरी है कि क्या कार्यों को वैधानिक रूप दिया गया है, क्या कार्यों में देरी हुई है और क्या कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई है। इस कार्य के लिए सरकार से सभी जी.आर. प्राप्त कर लिए गए हैं। इन गतिविधियों की जांच के लिए 13 मई को एक लंबा मार्च निकाला जाएगा। विक्रांत चव्हाण ने बताया कि यह मार्च कासर वडवली से बीकेसी स्थित एमएमआरडीए कार्यालय तक निकाला जाएगा।

# बदलापुर की पशु प्रेमी, बेजुबान पशुओं की मां श्यामला राव का शुक्रवार को निधन हो गया।





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. मूक और बेजुबान प्राणियों की मां श्यामला राव शुक्रवार 9 मई को इस संसार से विदा हो गईं। बेजुबान जानवरों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर बड़े ही श्रेष्ठ तरीके से किया। वे अपने पीछे 400 बेजुबान बच्चों को पीछे छोड़ गयी हैं।बदलापुर की रहने वाली श्यामला राव बदलापुर और आसपास के क्षेत्रों में पशु प्रेमी के रूप में विख्यात रही हैं।शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे मीरा हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली।उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे बैल बाजार श्मशान भूमि में किया गया।श्यामला राव विगत 25 वर्षों से आवारा, घायल और बीमार पशुओं विशेषकर कुत्तों की सेवा कर रही हैं। घायल जानवरों का इलाज, उनके भोजन पानी और दवा का इंतेजाम कर रही हैं। बेजुबान प्राणियों के प्रति उनकी करुणा, मातृत्व भाव, नैतिक जिम्मेदारी देखते ही बनती थी। उनके इस विशिष्ट कार्य में उनके पति और उनकी बेटी श्वेता भी भरपूर सहयोग देती हैं। उनके पति अपनी पूरी सैलरी इन्हीं बेजुबानों में खर्च कर देते हैं।श्यामला राव ने अपना पूरा जीवन इन बेजुबानों की सेवा में लगा दिया था। उनके जाने के बाद इन बेजुबानों का क्या होगा ये देखने वाली बात होगी।

फास्ट ट्रैक

# नाबालिग समेत दो भाईयों की सड़क हादसे में मौत

## बाइक से सिलेंडर लेकर लौट रहे थे घर, एक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

शाहजहांपुर, लखीमपुर के मोहम्मदी क्षेत्र में गुरुवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। हरिहरा गांव के रहने वाले 16 वर्षीय मुकेश और 18 वर्षीय विमल बाइक से सिलेंडर भरवाकर घर लौट रहे थे। मोहम्मदी क्षेत्र में उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मुकेश की वहीं इलाज के दौरान मौत हो गई। विमल को बरेली रेफर किया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति भी इस हादसे में घायल हुआ है। मृतक मुकेश के पिता सुदेश सिंह ने बताया कि दोनों शवों का शाहजहांपुर में पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें घर लाया जाएगा। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।



# आर्टिका और ई-रिक्शा की टक्कर

## 6 यात्री घायल, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

शाहजहांपुर, निगोही-बीसलपुर राजमार्ग पर कैमुआ पुल के पास आर्टिका और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों में बरीलालपुर निवासी सुनीता देवी, कांति देवी और परवीन शामिल हैं। इसके अलावा कलियानपुर के रूपेश, किशन और रेखा देवी भी घायल हुए हैं। सभी यात्री ई-रिक्शा से निगोही से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बीसलपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार आर्टिका से टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही निगोही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले सीएचसी निगोही ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# नौकरी का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

## पंचायत सेक्रेटरी और डॉक्टर पत्नी पर केस दर्ज

शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक पंचायत सेक्रेटरी और उनकी डॉक्टर पत्नी पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जलालाबाद के मुहल्ला महाजनान के देवेश पाल ने बताया कि 2019 में वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान कांट ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल वर्मा और मेडिकल कॉलेज में तैनात उनकी पत्नी डॉ. अंकिता वर्मा से मुलाकात हुई। दोनों ने मेडिकल कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का वादा किया। देवेश ने नौकरी के लिए दो लाख रुपए दिए। इसके बाद उन्होंने अपने तीन रिश्तेदारों से भी पैसे दिलवाए। मदनापुर के पेहना गांव के सत्यवीर, मनोज और प्रदीप के साथ मिजार्पुर के अनुज पांडेय और श्याम सुंदर से डेढ़-डेढ़ लाख रुपए लिए गए। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो किसी को नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए।

# भविष्य में एसटी की नई बसों के हाइब्रिड ईंधन पर चलेगी -प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , एसटी निगम अगले पांच वर्षों में 5 हजार प्रति वर्ष की दर से 25,000 बसें खरीदेगा। 2025-26 तक शेष 20,000 बसों का उपयोग पर्यावरण अनुकूल सी.एन.जी. के लिए किया जाएगा और एल.एन.जी. वे समान ईंधन वाले डीजल ईंधन हाइब्रिड द्वारा संचालित होंगे। बस यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए डीजल ईंधन का उपयोग केवल आपातकालीन स्थितियों में ही किया जाएगा। यह जानकारी परिवहन मंत्री और एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने दी। वह पर्यावरणीय अनुपूरक ईंधन के संदर्भ में आयोजित राज्य परिवहन अधिकारियों और संबंधित ईंधन आपूर्ति निकायों की बैठक में बोल रहे थे।एसटी की लगभग सभी बसें डीजल ईंधन पर चलती हैं। निगम के कुल व्यय का लगभग 34% ईंधन पर खर्च होता है। प्रतिदिन लगभग 1.07 मिलियन लीटर डीजल की खपत होती है। ईंधन पर सालाना लगभग 34,000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। भविष्य में डीजल ईंधन की उपलब्धता और लगातार मूल्य परिवर्तन को देखते हुए वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करना आवश्यक है। सी.एन.जी. और एल.एस. एन.एस. जी.एस. ये वैकल्पिक ईंधन डीजल की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ते हैं और पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। अपनी अच्छी ईंधन दक्षता के कारण यह बस 5-5.5 किलोमीटर प्रति लीटर की दूरी भी तय करती है। हालाँकि, डीजल ईंधन पर बस केवल 4 किलोमीटर प्रति लीटर की दूरी तय करती है। एल. एन.जी. और सी.एन.जी. ईंधन के उपयोग से ईंधन की लागत बचेगी और प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इसका कारण यह है कि अगले वर्ष से खरीदी जाने वाली 20,000 नई बसें हाइब्रिड ईंधन से चलेंगी।

### एल.एन.जी. ईंधन पर 20 प्रतिशत छूट

एसटी कॉर्पोरेशन द्वारा किंग्स गैस प्राइवेट लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, एलएनजी की आपूर्ति उस समय डीजल ईंधन की कीमत से 20 प्रतिशत कम कीमत पर की जाएगी। इससे चालू व्यय में प्रतिवर्ष 235 करोड़ रुपये की बचत होगी। राज्य भर में 90 स्थानों पर एलएनजी संयंत्र और पंप स्थापित किए जाएंगे। महानगर गैस प्राइवेट लिमिटेड ने भी सीएनजी स्थापित की। 20 पंप स्थापित किये जा रहे हैं। इसलिए, बस निमार्ता से ऐसे हाइब्रिड बस विकसित करने के प्रस्ताव मांगे गए हैं जो भविष्य में इन दोनों ईंधनों के साथ-साथ डीजल ईंधन पर भी चल सकें। एसटी भविष्य में इन दोनों ईंधनों पर चलने वाली हाइब्रिड बसें खरीदने की योजना बना रही है। यह बयान मंत्री सरनाईक ने दिया।

# ऐरोली विभाग में अनाधिकृत झोपड़ियों पर मनपा की तोड़ू कार्रवाई



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई ,मनपा के अतिक्रमण विभाग ने अनधिकृत निर्माण के खिलाफ संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया है। आयुक्त डॉ कैलास शिंदे एवं अपर आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे एवं उपायुक्त ( अतिक्रमण ) भगवत दोईफोड़े के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली प्रभाग में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नवी मुंबई महानगरपालिका कार्य क्षेत्र के अंतर्गत जी डिवीजन ऐरोली के अंतर्गत ऐरोली सेक्टर-19 में यूरो स्कूल के सामने कांदलवन में टिप टॉप फास्ट फूड कॉर्नर/फालूदा चौक, बाथरूम और मंगल शौचालय का अनाधिकृत निर्माण आज 09/05/2 को हटाया गया। इसके अलावा, ऐरोली सेक्टर-19 में प्लाट नंबर 74 पर कांदलवन में बनी लगभग 80 अनधिकृत झोपड़ियों को आज 09/05/2 को हटा दिया गया। ऐरोली डिवीजन के सहायक आयुक्त और विभागीय अधिकारी सुनील कथोले, उप अभियंता (प्रभारी) रोहित ठाकरे, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। इस ऑपरेशन के लिए 3 जेसीबी, 2 डम्पर, 01 पोकलेन, 15 मजदूर और 01 मुकादम का इस्तेमाल किया गया। इस अभियान के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन के कुल 150 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तैनात किए गए थे। भविष्य में कार्रवाई तेज करने का संकेत मनपा अधिकारियों ने दिया है।

# चोरी का सामान ई-रिक्शा में रखकर घूमता रहा

- दो महीने पहले सवारी को लूटा था, बोला-हिस्से में सिर्फ सौ रुपए मिले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक ई-रिक्शा चालक ने यात्री को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दो महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिंधौली निवासी अतुल कुमार ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शे में सफर के दौरान उन्हें कोल्ड ड्रिंक पिलाई गई। इसके बाद वह बेहोश हो गए। चालक ने उन्हें सड़क पर फेंक दिया। होश आने पर उन्होंने पाया कि उनकी जेब से रुपये और अन्य सामान गायब थे। होली के पहले की थी वारदात पुलिस ने आरोपी महिपाल यादव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि होली से पहले अपने साथी नाजिम के साथ यह वारदात की थी। नाजिम ने यात्री को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जेल रोड पर यात्री को उतारकर उसकी जेब से पैसे और घरेलू सामान चुरा लिए। दूसरे आरोपी की तलाश महिपाल को इस लूट में केवल 100 रुपये मिले। आश्चर्यजनक रूप से वह दो महीने तक चोरी का सामान ई-रिक्शे की डिग्गी में रखकर घूमता रहा। पुलिस अब दूसरे आरोपी नाजिम की तलाश कर रही है।

# पुवायां तहसील में अधिवक्ताओं का विरोध

## तहसीलदार के चैंबर में नहीं मिलने पर नाराजगी, एसडीएम ने शांत कराया मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां तहसील में अधिवक्ताओं और तहसीलदार के बीच विवाद की स्थिति बन गई। कुछ अधिवक्ता तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी से मिलने उनके चैंबर में गए थे। तहसीलदार उस समय एसडीएम चित्रा निर्वाल के साथ एक मीटिंग में व्यस्त थे। इससे नाराज होकर सभी अधिवक्ता एसडीएम के चैंबर में पहुंचे। अधिवक्ताओं का कहना था कि शासन ने फरियादियों की समस्याएं सुनने का समय तय किया है। लेकिन तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने चैंबर में नहीं मिलते हैं। इससे अधिवक्ताओं और फरियादियों को परेशानी होती है। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने मामले को संभाला। उन्होंने कहा कि तहसील में सभी अधिकारी फरियादियों की समस्याएं सुनते हैं। यह विवाद कुछ फाइलों को लेकर हुआ था।



# पुराने सरकारी अस्पताल की जमीन पर विवाद

## स्वास्थ्य विभाग और जिला पंचायत बता रहे अपनी संपत्ति, एसडीएम ने मांगे दस्तावेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जलालाबाद, पुराने सरकारी अस्पताल की जमीन को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला पंचायत के बीच विवाद सामने आया है। एसडीएम दुर्गेश यादव अवैध कब्जा हटाने पहुंचे। जिला पंचायत की शिकायत पर कार्रवाई करने आए एसडीएम को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन उनके विभाग की है। विवाद को देखते हुए एसडीएम ने दोनों विभागों को तहसील में बुलाकर अपने-अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। मौके पर एसडीएम ने अस्पताल के दो मकानों में ताले लगवाकर चाबी स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी। वर्तमान में होम्योपैथिक अस्पताल पुरानी इमारत में ही चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 1992 से ग्राम नगरिया में नई इमारत में स्थानांतरित हो चुका है। जिला पंचायत ने अस्पताल के सामने जलालाबाद-कटरा हाईवे पर 7 और बाजार की तरफ 11 दुकानें आवंटित कर दी हैं। अब विभाग अस्पताल के अंदर की खाली जमीन पर 8 और दुकानें बनवाना चाहता है। कुछ लोगों ने अदालत से स्टे ले रखा है। इस विवाद के कारण जिला पंचायत नई दुकानों का निर्माण नहीं करा पा रही है।

# पत्नी के साथ वृद्धाश्रम पहुंचे एडीएम हुए भावुक

## बीमार बुजुर्ग महिला को अस्पताल भिजवाया, बोले- मां-बाप की सेवा करना ईश्वर की भक्ति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने पत्नी सौम्या के साथ विनोबा भावे वृद्धाश्रम का दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। वृद्धाश्रम में रहने वाली राजकुमारी देवी ने बताया कि उनकी तबीयत पिछले 4-5 दिनों से खराब है। तीन दिन पहले एंबुलेंस उन्हें ले गई थी। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में छोड़ दिया गया। एडीएम ने तुरंत मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से बात की और एंबुलेंस भेजकर उन्हें अस्पताल भिजवाया। वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों में कुछ पूर्व नौकरीपेशा और पूर्व महिला प्रधान भी हैं। कुछ को उनके बेटों और बहुओं ने घर से अलग कर दिया है। एडीएम ने वृद्धों के साथ बैठकर भोजन किया और अपने साथ लाए फल-केले का वितरण भी किया। केयरटेकर ने बताया कि पहले स्वास्थ्य टीम आती थी, लेकिन अब नहीं आ रही है। एडीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि हर 15 दिन में वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप लगाया जाए। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना ही ईश्वर की सर्वोपरि भक्ति है।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## मानदेय बढ़ाने और 5जी मोबाइल की मांग, बोलीं-रिचार्ज भुगतान भी नहीं मिला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि काम के अनुसार मानदेय नहीं मिल रहा है। विभाग द्वारा दिए गए मोबाइल फोन खराब हो चुके हैं। कार्यकत्रियों ने 5जी क्षमता वाले फोन और प्रतिमाह रिचार्ज का भुगतान मांगा है। मौजूदा फोन में डाटा धीमा चलता है और नेटवर्क की समस्या भी आती है। कर्मचारियों ने कई अन्य मांगें भी रखीं। उनमें भयमुक्त और शोषण मुक्त नीति बनाने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि मानदेय रोकने और सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है। कार्यकत्रियों ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए अन्य राज्यों की तरह मानदेय बढ़ाने की मांग की। लंबे समय से उठाई जा रही मांग रिटायरमेंट पर एकमुश्त धनराशि, फंड, पेंशन और महंगाई भत्ता देने की भी मांग की। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बेसिक और माध्यमिक स्कूलों जैसी छुट्टियां और ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग भी रखी।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 28 वर्षीय आरती के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। आरती की शादी 10 साल पहले मुस्तफाबाद निवासी सुनील से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। गुरुवार शाम को सुनील ने मायके वालों को फोन कर आरती के बीमार होने की सूचना दी। जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो आरती का शव जमीन पर पड़ा मिला। मृतका की मां ममता ने बताया कि उनका दामाद तीन साल से बेटी पर शक करता था। वह फोन पर बात करने से रोकता था और मायके आने की भी अनुमति नहीं देता था। यहां तक कि अगर आरती अपने भाई से फोन पर बात करती थी, तो भी पति शक करता था।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- जंग रोकना हमारा काम नहीं

## यह यूएस-चीन के हथियारों की भी लड़ाई; भारत-पाकिस्तान पर वर्ल्ड लीडर्स और मीडिया

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य टकराव को दुनियाभर के प्रमुख अखबार कवर कर रहे हैं। कई बड़े नेताओं का इस पर रिएक्शन आया है। भारत ने 2019 में हुए बालाकोट स्ट्राइक से कहीं बड़ा हमला किया है। इस वजह से इलाके में तनाव बढ़ गया है और 2021 से जारी सीजफायर खत्म हो चुका है। दोनों देश एक दूसरे को हमलावर बता रहे हैं। दोनों अपने-अपने कश्मीर पर गोलीबारी, ड्रोन अटैक और मिसाइल हमलों के लिए एक दूसरे दोषी ठहराया है। अमेरिकी अखबार ने लिखा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खतरनाक रूप से बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। दोनों देशों ने एक दूसरे के सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। उनकी सीमाओं के दोनों तरफ रातभर गोलीबारी हुई है। अखबार के एक लेख में एम्मेट लिंडनर ने लिखा है, भारत-पाकिस्तान के बीच जंग, चीन बनाम अमेरिका भी है। यह दोनों देशों के हथियारों के सहारे लड़ा जा रहा है।




अमेरिकी अखबार सीएनएन ने लिखा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा संघर्ष चीन के मिलिट्री टेक्नोलॉजी का टेस्ट भी है। अखबार ने लिखा है कि चीन ने अपने मिसाइल इंडस्ट्री के पीछे अरबों डॉलर खर्च किए हैं। दुनिया को पहली बार पता चलेगा कि चीन के एडवांस हथियार, पश्चिमी हार्डवेयर के मुकाबले किस तरह से काम करती हैं। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने भारत के राफेल मार गिराए हैं। इसमें चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी का इस्तेमाल हुआ है। इस खबर के आने के बाद जे-10 बनाने वाली कंपनी एवीआईसी चेंगदू के शेयर में 40% का इजाफा हो गया है। फ्रांसीसी अखबार ला मोंड ने लिखा है कि भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर हमले करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने भारत के 29 में से 28 ड्रोन मार गिराए हैं। जबकि भारत का भी दावा है कि पाकिस्तान ड्रोन से सीमावर्ती इलाके में हमले कर रहा है। इन तनाव के बीच दोनों पक्षों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को एक-दूसरे पर लगातार ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया। दोनों न्यूक्लियर पावर के बीच बढ़ते टकराव के बीच ग्लोबल पावर ने शांति की अपील की है। गुरुवार को पाकिस्तान की सेना ने कहा कि उसने 28 भारतीय ड्रोन्स को मार गिराया। भारत ने भी पाकिस्तान पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसने लाहौर में एक एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया है। बुधवार को भारत की एयर स्ट्राइक के बाद शुरू हुई लड़ाई में बॉर्डर के दोनों तरफ कम से कम 48 लोग मारे गए हैं। भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के इलाकों में ड्रोन से हमले करने के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान ने भारत के 29 ड्रोन गिराने का दावा किया है। वहीं, भारत का कहना है कि पाकिस्तान ने भारतीय सीमा क्षेत्रों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इस हमले में इंडियन एयर डिफेंस सिस्टम र-400 ने कुछ ड्रोन को मार गिराने का भी दावा किया है। जंग के हालात पर वर्ल्ड लीडर्स के बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोनों देशों से शांति की अपील की है, जबकि पूर्व ब्रिटिश पीएम ने भारत का समर्थन जताया है।

# मदरसे के बच्चे हैं पाकिस्तान की सेकेंड डिफेंस लाइन

## रक्षा मंत्री का संसद में ऐलान, जरूरत पड़ी तो जंग में करेंगे इस्तेमाल

एजेंसी

भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि समय आने पर मदरसों में पढ़ने वाले छात्र देश की दूसरी रक्षा पंक्ति होंगे। उनकी यह टिप्पणी संसद सत्र को संबोधित करते हुए आई, एक दिन पहले भारत ने पाकिस्तान में कई जगहों पर ड्रोन हमलों का जवाब दिया था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि जहां तक ??मदरसों या मदरसा छात्रों का सवाल है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे हमारी सेकेंड डिफेंस लाइन है, वहां पढ़ने वाले युवा। जब समय आएगा, तो उनका 100 प्रतिशत उपयोग किया जाएगा। एक परमाणु शक्ति संपन्न देश खुलेआम स्वीकार करता है कि वह बच्चों को युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। असेंबली में आसिफ ने भारतीय ड्रोन हमलों पर अपनी छवि बचाने की कोशिश करते हुए कहा कि लोकेशन को लीक होने से रोकने के लिए ड्रोन हमलों को रोका नहीं गया। उन्होंने कहा कल भारत द्वारा ड्रोन हमला हमारी लोकेशन का पता लगाने के लिए किया गया था। मैं तकनीकी बातों को स्पष्ट नहीं कर सकता, लेकिन हमने उनके ड्रोन को नहीं रोका, ताकि हमारी लोकेशन का पता न चल सके या लीक न हो जाए। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कुछ दिनों बाद, जिसमें पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया था, घबराए हुए देश ने 8 मई को जम्मू और कश्मीर और सीमावर्ती राज्यों के कई हिस्सों में मिसाइल और ड्रोन हमलों की बौछार शुरू कर दी, जिसका उद्देश्य जम्मू एयर बेस, एक सैन्य प्रतिष्ठान, जम्मू विश्वविद्यालय और अन्य महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था। भारतीय सेना ने इन हमलों को सफलतापूर्वक रोका और बेअसर कर दिया, जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सांबा सेक्टर में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को भी नाकाम कर दिया।



> असेंबली में आसिफ ने भारतीय ड्रोन हमलों पर अपनी छवि बचाने की कोशिश करते हुए कहा कि लोकेशन को लीक होने से रोकने के लिए ड्रोन हमलों को रोका नहीं गया।

# रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप बने

## अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल; पोप लियो-14 के नाम से जाने जाएंगे

एजेंसी

वेटिकन, वेटिकन में आज पैपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। 69 साल के रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वो अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स ने वोटिंग के जरिए दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) से उन्हें पोप चुना। 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया। वोटिंग के दूसरे ही दिन रोमन कैथोलिक चर्च के सिस्टीन चैपल पर स्थित चिमनी से सफेद धुआं निकला, जिससे पता चलता है कि नए पोप का चयन हो गया है। नए पोप का चयन होते ही वेटिकन में मौजूद 45 हजार से ज्यादा लोगों ने जोरदार तालियां बजाई और एक दूसरे को बधाई दी। इससे पहले 7 मई को वोटिंग के पहले दिन किसी को भी पोप नहीं चुना गया था। कल सिस्टिन चैपल में औपचारिक जुलूस और हर कार्डिनल की तरफ से गोपनीयता की शपथ लेने के बाद, बुधवार रात करीब 9:15 बजे वोटिंग का पहला दौर शुरू हुआ था। पोप चुने जाने के बाद पोप लियो-14 ने सेंट पीटर्स बेसिलिका की बालकनी से स्पेनिश भाषा में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से दूसरों के लिए दया दिखाने और प्रेम के साथ रहने की अपील की। उन्होंने कहा- मैं सभी कार्डिनल्स को शुक्रिया करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के तौर पर चुना है। मैं उन पुरुषों और महिलाओं के साथ काम करने की कोशिश करूंगा जो मिशनरी बनकर बिना किसी डर के यीशु का प्रचार करते हैं और उनके लिए वफादार हैं। पोप लियो का जन्म 14 सितंबर 1955 को अमेरिका के इलिनोय में हुआ था। वे पोप फ्रांसिस के करीबी सहयोगी माने जाते थे और उनकी विचारधारा भी पोप फ्रांसिस से मेल खाती है। उन्होंने पोप फ्रांसिस के उस फैसले का समर्थन किया जिसमें तलाकशुदा और दोबारा शादी करने वाली महिलाओं को त्योहार मनाने की इजाजत दी गई थी। जब एक कार्डिनल को पोप चुना जाते हैं तो उनसे पूछा जाता है कि वह किस नाम से बुलाए जाना चाहते हैं। यह परंपरा 6वीं सदी से चली आ रही है। पोप के पास आजादी है कि वह कोई भी नाम चुन सकते हैं, लेकिन आमतौर पर वे पहले के पोप या संतों के नाम चुनते हैं। 21 अप्रैल को पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था। रोमन कैथोलिक चर्च के 267वें पोप का चयन हो रहा था। 7 मई को वोटिंग शुरू होने से लगभग 90 मिनट पहले सभी सिग्नल बंद कर दिए थे। लीक को रोकने के लिए कॉन्क्लेव क्षेत्र को सख्त लॉकडाउन में रखा गया था। 2013 में भी यही तरीका अपनाया गया था जब पोप फ्रांसिस के चुनाव के लिए सिग्नल ब्लॉकर्स लगाए गए थे। वेटिकन में रोजाना का काम करने वाले कर्मचारियों ने भी मौन रहने की शपथ ली है। कॉन्क्लेव एक गुप्त और पवित्र प्रक्रिया है, जो 13वीं शताब्दी से चली आ रही है। वेटिकन के संविधान के मुताबिक पोप के निधन के 15 से 20 दिनों के भीतर कॉन्क्लेव की शुरूआत होनी चाहिए। कॉन्क्लेव की शुरूआत से 2 दिन पहले वेटिकन के कर्मचारियों जैसे कि पुजारी, सुरक्षा गार्ड, डॉक्टर, टेक्नीशियन आदी ने प्राइवेसी की शपथ ली है, ताकि नए पोप के चुनाव की गोपनीयता बनी रहे। वोटिंग से पहले सिस्टीन चैपल को बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग कर दिया जाता है। इस पूरे इलाके की जांच की जाती है। कार्डिनल्स के पास मोबाइल फोन, इंटरनेट और न्यूजपेपर की सुविधा नहीं होती।



# माई-बाप हमें बचा लो...24 घंटे में दूसरी बार गुहार लगाने अमेरिका के पास पहुंचा पाकिस्तान

एजेंसी

पाकिस्तान के ताबड़तोड़ एक्शन से पूरा पाकिस्तान दहशत में नजर आ रहा है। पाकिस्तान के मंत्री भागे भागे अमेरिका के राजदूत के पास पहुंचे हैं। पाकिस्तान की तरफ से अमेरिका से गुहार लगाई जा रही है। 24 घंटे में पाकिस्तान के मंत्री ने अमेरिकी राजदूत से दूसरी बार मुलाकात की है। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने अमेरिकी राजदूत से मुलाकात की है। पाकिस्तान अमेरिका से भीख मांग रहा है। गिड़गिड़ा रहा है। एक तरफ वो कटोरा लेकर भीख मांगता फिर रहा है। पैसे दो दे। कोई एक चवन्नी तक नहीं डाल रहा है तो दूसरी तरफ अमेरिका के पास गुहार लगाने के लिए पहुंचा है। दरअसल, अब उसे समझ आ गया है कि हमने किससे गलत पंगा ले लिया है। पाकिस्तान ने अपनी बेवकूफी में गलत कदम उठा लिया है और उसको अब लगने लगा है कि इसके साथ मेरा विनाश निश्चित है। इसलिए वो हर जगह भाग रहा है। ये लड़ाई यही पर रुक जाए। भारत ये तय कर चुका था कि अब हम नहीं सहेंगे। इस बार हिसाब किताब सब खोल दिया जाएगा। पाकिस्तान के आतंकवाद की फाइल भारत फुल एंड फाइनल बंद कर रहा है। पूरी दुनिया आज भारत के समर्थन में आकर खड़ी हो चुकी है और पाकिस्तान आज अलग थलग हो चुका है। पाकिस्तान लके लिए इस वक्त मुसीबत हर तरफ से आ रही है। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में है और इन नीचों, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराते हुए पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाएगा। क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि 22 अप्रैल की घटना सर्वाधिक जघन्य आतंकवादी घटना थी। यह कोई नहीं कह सकता कि इन आतंकवादियों को ऐसे ही जाने देना चाहिए, और हमने परसों यही किया, उन्हें जवाबदेह ठहराया, उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं



> पाकिस्तान अमेरिका से भीख मांग रहा है। गिड़गिड़ा रहा है। एक तरफ वो कटोरा लेकर भीख मांगता फिर रहा है। पैसे दो दे। कोई एक चवन्नी तक नहीं डाल रहा है तो दूसरी तरफ अमेरिका के पास गुहार लगाने के लिए पहुंचा है। दरअसल, अब उसे समझ आ गया है कि हमने किससे गलत पंगा ले लिया है।

# ये अदालती लड़ाई का समय नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

## सभी महिला अधिकारियों को रखा जाए बरकरार, सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को निर्देश



एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यह समय अनुभवी महिला अधिकारियों को अदालतों के चक्कर काटने या उन्हें दरकिनार करने का नहीं है। कोर्ट ने सशस्त्र बलों और सरकार को कड़ा संदेश देते हुए यह बात कही। शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अधिकारियों द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। इन महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) से वंचित कर दिया गया था। यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच की गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुआई वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सेना को उन अधिकारियों को सेवा में बनाए रखना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि अदालतों से बेहतर उनके लिए प्रदर्शन करने की जगह है। आज की तारीख में हम चाहते हैं कि उनका मनोबल हमेशा ऊंचा रहे। न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई आदेश पारित करने से परहेज किया, लेकिन केंद्र सरकार से संक्रमणकालीन व्यवस्था करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ₹हम समय आने पर कानूनी मुद्दों पर निर्णय लेंगे। इस बीच, बस उनकी सेवाओं का उपयोग करें। यह आपका मामला नहीं है कि वे अनुपयुक्त अधिकारी हैं। यह सुनवाई ऐसे समय में हो रही है जब पाकिस्तान के साथ शत्रुता के कारण सैन्यकर्मी अत्यधिक सतर्क हैं। न्यायमूर्ति कांत ने सशस्त्र बलों में अनुभव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ₹बेशक, बल हमेशा युवा होना चाहिए ... लेकिन युवा रक्त को प्रशिक्षित, निर्देशित और मानसिक स्वभाव सिखाने की भी आवश्यकता है। हमें युवा और अनुभवी दोनों तरह के अधिकारियों की आवश्यकता है। सीमा पर चल रही स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी उनके सामने खुद को बहुत छोटा महसूस करते हैं... वे हमारे लिए इतना कुछ कर रहे हैं।


> न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई आदेश पारित करने से परहेज किया, लेकिन केंद्र सरकार से संक्रमणकालीन व्यवस्था करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, हम समय आने पर कानूनी मुद्दों पर निर्णय लेंगे।

# जम्मू में फिर हुआ ब्लैकआउट, धमाके की आवाजें

## पाक ड्रोन हमले के बाद बजे सायरन, सीएम उमर अब्दुल्ला ने किया ट्वीट

एजेंसी

जम्मू में लगातार दूसरे दिन सायरन बजा, क्योंकि पाकिस्तान ने पुंछ और उरी समेत जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में गोलाबारी शुरू कर दी है। जम्मू में धमाके सुने गए और शहर में दूसरे दिन भी बिजली गुल रही। इस बीच, बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू, राजस्थान और पंजाब समेत भारत के कई इलाकों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए। भारत ने सभी आने वाले खतरों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। जम्मू में देखे गए पाकिस्तानी ड्रोनपाकिस्तानी ड्रोन अब जम्मू में देखे गए हैं। शुक्रवार रात जम्मू में कई धमाके सुने गए और पाकिस्तान के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले के एक दिन बाद सायरन बजने लगे।



# 'मोदी का नाम लेते हुए हमारे पीएम को डर लगता है'

## पाक नेता ने शहबाज शरीफ को बताया बुजदिल

एजेंसी

नई दिल्ली: पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान में की गई एयरस्ट्राइक से हड़कंप की स्थिति है. वहीं इसी के बाद से पाकिस्तान के द्वारा लगातार गोलबारी के साथ ड्रोन अटैक किए जा रहे हैं, लेकिन हमारी सेना से सभी को विफल कर दिया है. दूसरी तरफ भारत पाकिस्तान के शहरों में टारगेट कर रहा, वहीं पाकिस्तान के हमले आसमान में ही पूरी तरह के विफल हो जा रहे हैं. इसी बीच शुक्रवार को पाकिस्तान की संसद में जंग को लेकर हुई बहस में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सांसद शाहिद अहमद ने शहबाज शरीफ सरकार को गीदड़ बता दिया.

# भारत-पाक तनाव के बीच सोशल मीडिया से रहें सतर्क

एजेंसी

नई दिल्लीः भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं की बाढ़ आ गई है. इसको लेकर गृह मंत्रालय और विशेषज्ञों ने लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की. सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी की बाढ़ आने पर केंद्र सरकार ने सख्ती से निपटने का फैसला लिया है. इसके अलावा, यह सोशल मीडिया पर मौजूद उन सामग्रियों के बारे में भी लोगों को जागरूक कर रहा है जो ₹प्रचार₹ पर आधारित हैं. इस तरह से देखा जाए तो गलत सूचना मूल रूप से गलत सूचना का प्रचार प्रसार है. ये सब लोगों को गुमराह करने के इरादे से फैलाई जाती है.

विशेषज्ञों ने दोनों देशों के बीच चल रही स्थितियों के बीच सोशल मीडिया पर इस तरह की सामग्री की बाढ़ आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए. इसके साथ ही ये अपील की है कि इस सामग्री को साझा करने पर संयम बनाए रखना चाहिए. खासकर जब ये गलत सूचना और भ्रामक जानकारी वाली हो. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नागरिकों को सामग्री को साझा करने से पहले उसे सत्यापित करना चाहिए. सुरक्षा से संबंधित किसी भी संवेदनशील पहलू वाले वीडियो को साझा करने से बचना चाहिए.बीते 17 वर्षों से एक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के लिए पाकिस्तान की सीमा से सटे जम्मू-कश्मीर से रिपोर्टिंग कर रहे विशाल भारती ने ईटीवी भारत से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं के खतरे से निपटने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले लोगों की प्रमुख भूमिका है.उन्होंने कहा, 'हम पूरी तरह से अधिकारियों द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी या सरकार की ओर से जो भी आ रहा है, उस पर भरोसा कर रहे हैं. कभी-कभी कुछ चीजें जनता में बहुत अधिक घबराहट पैदा करती हैं. इसलिए, जो कोई भी वीडियो या सामग्री साझा कर रहा है उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है. इसके लिए आम जनता के बीच घबराहट और अराजकता को रोकने के लिए संयम बरतने की आवश्यकता है.'उन्होंने कहा कि सरकार समय-समय पर ऐसी किसी भी सामग्री को साझा करने से संयम बरतने की अपील करती रही है. भारती ने कहा, 'ऐसी सामग्री साझा करने से न केवल दहशत फैलती है


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### के.ई.एम. अस्पताल

### ई-प्रोक्योरमेंट कोटेशन सूचना

### केईएम/जीएसटी/295/ई-निविदा (नॉन-एससीएच)

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. यह निविदा केवल महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) के माध्यम से ही आमंत्रित की जाएगी.

| क्र. | विवरण | निविदा शुल्क | ईएमडी | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि व समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेंसेट (सेफ्टी/ऑटो लेंसेट 30 GI 1.8mm) निविदा आईडी- 2025_एमसीजीएम_117917_1 | रु. 1452 + 18% जीएसटी | रु. 10,000/- | 09.05.2025, 16:00 बजे | 20.05.2025, 16:00 बजे |

निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा शुल्क लिफाफा ए खुलने के तुरंत बाद और लिफाफा बी खुलने से पहले नागरिक सुविधा केंद्र (CFC) में केईएम अस्पताल के जनरल स्टोअर से चालान प्राप्त कर भुगतान करना अनिवार्य होगा. यदि ऊपर उल्लिखित निविदा शुल्क में कोई संशोधन किया जाता है, तो निविदाकर्ताओं को संशोधित निविदा शुल्क का भुगतान करना होगा.

यह निविदा केवल महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी. निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस निविदा सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र केवल महाटेंडर वेबसाइट और बीएमसी पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा. स्थानीय समाचार पत्रों में कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित नहीं किया जाएगा.

हस्ता./-
डीन
के.ई.एम. अस्पताल

पीआरओ/378/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

## संक्षेप

### फार्मासिस्ट की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**भदैयां के होम्योपैथिक अस्पताल में एक साल से नहीं है दवा वितरक**

सुलतानपुर, भदैयां के महेसुआ स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में पिछले एक साल से फार्मासिस्ट का पद रिक्त है। यह अस्पताल महेसुआ, केनौरा, कैभा, लहियां और बालमपुर सहित आधा दर्जन गांवों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करता है। जून 2022 में फार्मासिस्ट सुशील श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद खाली है। वर्तमान में वार्ड बॉय के माध्यम से दवाओं का वितरण किया जा रहा है। वार्ड बॉय को अंग्रेजी दवाओं की पर्याप्त जानकारी न होने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी सहाबुद्दीन सिद्की के अनुसार, इस समस्या से जिला अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई नियुक्ति नहीं की गई है। फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में कई मरीज बिना दवा के ही वापस लौट रहे हैं। यह स्थिति क्षेत्र के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### हिंदू युवती का बांदा में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**निकाह कर युवक करता है मारपीट, एसपी ने जांच के दिए आदेश**

बांदा, कानपुर की रहने वाली एक दिव्या शर्मा की युवती ने बांदा के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। युवती ने बताया कि साल 2000 में इकराम ने उनके घर में किराए का कमरा लिया था। उसने अपना नाम सोनू गुप्ता बताया था। कुछ दिन बाद उसका भाई इरशाद भी वहां रहने लगा। इरशाद ने खुद को राजू गुप्ता बताया था। इरशाद ने दिव्या को प्रेम जाल में फंसाकर मार्च 2020 में उसे बांदा ले आया। दिव्या अपने साथ चार तोला सोना, आधा किलो चांदी और 50 हजार रुपए लेकर आई थी। बांदा पहुंचने पर उसे पता चला कि दोनों भाई मुस्लिम हैं। आरोपियों ने दबाव बनाकर बड़े पीर साहब की मजार में दिव्या का धर्म परिवर्तन कराया। उसके बाद उसका नाम फरहा अंजुम रख दिया। इसके बाद इरशाद से निकाह भी करा दिया। दिव्या का आरोप है कि इरशाद और इकराम उसके साथ मारपीट करते हैं। दो बार चाकू से हमला भी किया।

### युवती की हत्या, घर में मिली लाश

**गले पर मिले चाकू से वार के निशान, प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका**

बांदा, बिसंडा थाना क्षेत्र में एक युवती की हत्या का मामला सामने आया है। रामप्रताप वर्मा की 22 वर्षीय बेटी प्रियंका को उसके घर में मरणासन्न अवस्था में पाया गया। युवती के गले पर धारदार हथियार से किए गए कई वार के निशान मिले हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत युवती को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पड़ोसियों ने बताया कि प्रियंका एक दिन पहले तक पूरी तरह स्वस्थ थी।

# वकील को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**तालाब पर कब्जे के विवाद में किया था हमला, बनारस-कानपुर हाईवे से पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, मऊ आइमा में अधिवक्ता मान सिंह यादव पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी अनिल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने उसे जूड़ापुर दांदू गांव के पास बनारस-कानपुर हाईवे से पकड़ा। आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। पीड़ित अधिवक्ता के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में अनिल यादव को मुख्य आरोपी बताया था। एडिशनल डीसीपी पुष्कर वर्मा के अनुसार, वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं।

पुलिस को सूचना मिली कि अनिल यादव जूड़ापुरदांदू में छिपा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक वारदात का कारण सरकारी तालाब पर कब्जे का विवाद था। आरोपी अब कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

# कूड़ा कलेक्शन की दी गई ट्रेनिंग

**नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे बोलीं- आदर्श वार्ड का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी**

प्रयागराज, नगर निगम की नई बिल्डिंग में आज एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे के नेतृत्व में यह कार्यक्रम डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण से जुड़े कर्मचारियों के लिए था। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस की आईईसी टीम ने प्रशिक्षण का संचालन किया। कर्मचारियों को कूड़ा संग्रहण की सही विधि और स्रोत पर कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। साथ ही समयबद्ध गाड़ी संचालन के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में कचरे के वर्गीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। नीले डस्टबिन में सूखा कचरा, हरे में गीला कचरा, लाल में मेडिकल कचरा और काले डस्टबिन में ई-वेस्ट व हानिकारक कचरा डालने की जानकारी दी गई। कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड और डस्टबिन की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

# प्रयागराज में लगा ब्लड डोनेशन कैंप

**65 लोगों किया रक्तदान, सेना के काम आएगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, करैली स्थित नाज ब्लड बैंक ने भारतीय सेना के लिए एक विशेष रक्तदान पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए यह पहल की गई है। डॉ. नाज फात्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 65 स्वयंसेवकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। डॉ. फात्मा ने कहा कि सरहद पर तैनात सैनिकों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। यह प्रयागराज में सेना के लिए समर्पित पहला ऐसा आयोजन है। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इनमें प्रयाग ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी रौनक गुप्ता, सिविल डिफेंस प्रयागराज के डिवीजनल ऑफिसर, नीति आयोग के एडवाइजरी बोर्ड सदस्य, इंडियन रेलवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और सारथी फाउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल थे। डॉ. विश्वदीप केसरवानी, डॉ. जमशेद अली, डॉ. नावेद शेख, डॉ. तारिक और एमडी अमित यादव ने अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और शॉल से किया। इस अवसर पर कहा गया कि देशप्रेम का प्रदर्शन सिर्फ सीमा पर ही नहीं, बल्कि हर नागरिक को अपने स्तर पर करना चाहिए।

# रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में सुधार

- शौचालयों की मरम्मत और पानी की आपूर्ति बहाल, निरीक्षण का दिखा असर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जायस और बनी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनुपम पांडेय के निरीक्षण के बाद स्टेशनों पर जर्जर शौचालयों की मरम्मत की गई है। साथ ही बंद पड़ी पानी की टोंटियों में पानी की आपूर्ति भी बहाल कर दी गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनुपम पांडेय ने कुछ दिन पहले दोनों स्टेशनों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि स्टेशन के शौचालय खराब स्थिति में थे। पानी की टोंटियां भी बंद थीं। इससे गर्मी के मौसम में यात्रियों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रेल मंत्रालय को लिखा था पत्र यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए पांडेय ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखकर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। मंत्रालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया। अब शौचालयों की मरम्मत हो चुकी है और पानी की आपूर्ति भी नियमित रूप से हो रही है।



# महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई

**एमएलसी शैलेन्द्र सिंह ने कहा– मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, सनातन धर्म समिति ने महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से किया। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन गिरीश नारायण सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी और जगजीत सिंह छंगू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा और आत्मगौरव के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका त्याग और बलिदान भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम का संचालन गांधी सिंह ने किया। माल्यार्पण से स्वागत अतिथियों का अंगवस्त्र और माल्यार्पण से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के बाद राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में सहकारी बैंक डायरेक्टर अजय सिंह लीडर, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी, नरेन्द्र सिंह, पूर्व सभासद अरुण सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को लेकर चिंता

- सौंदर्यीकरण के नाम पर हटाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे, यात्रियों की सुरक्षा दांव पर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, वीवीआईपी श्रेणी में शामिल अमेठी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों चिंताजनक स्थिति में है। स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे या तो हटा दिए गए हैं या बंद कर दिए गए हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य के कारण यह कदम उठाया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर जहां तेज गति से सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है, वहीं प्लेटफॉर्म नंबर दो पर भी चौड़ीकरण के साथ सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस कार्य के चलते दोनों प्लेटफॉर्म के सीसीटीवी कैमरे निष्क्रिय हैं। सीसीटीवी कैमरों के बंद होने से स्टेशन पर होने वाली किसी भी घटना को रिकॉर्ड करना संभव नहीं है। यह स्थिति यात्रियों की सुरक्षा के लिए चुनौती बन गई है। कुछ महीने पहले स्टेशन से गायब हुई कई लड़कियों को सीसीटीवी फुटेज की मदद से 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला गया था। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सौंदर्यीकरण का काम पूरा होने के बाद सभी कैमरे पुनः स्थापित कर दिए जाएंगे। हालांकि, इस बीच पुलिस को भी किसी आपराधिक घटना की जांच में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# पत्नी के मायके जाने के बाद पति ने की आत्महत्या

**गमछे से लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के जामों थाना क्षेत्र के पूरे चितई खुशियालगढ़ गांव में मृतक अनवर पुत्र यूसुफ (32) ने गुरुवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस जांच से पता चला कि मृतक और उसकी पत्नी के बीच गुरुवार शाम को विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। इसी से आहत होकर व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, अनवर और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो घरवालों को चिंता हुई। जब परिजन उसे जगाने कमरे में गए तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। अनवर का शव कमरे की छत में लगी बल्ली से गमछे के सहारे लटका हुआ था। यह देख परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। प्रभारी निरीक्षक जामो विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पति पत्नी का आए दिन विवाद होता था। इसी को लेकर गुरुवार शाम को कुछ कहा सुनी हुई। इसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई, जिसको लेकर अनवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# लाइसेंसी रिवाल्वर से म्युजिक टीचर ने खुद को गोली मारी

**सिर के आर-पार हुई; परिवार ने कहा- अच्छी जॉब नहीं मिलने से डिप्रेशन में था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, एक प्रॉपर्टी डीलर के बेटे ने खुद को गोली मार ली। बॉडी घर के बेडरूम में मिली। मौके पर फोरेंसिक टीम सबूत जुटा रही है। परिवार के लोगों के मुताबिक, वह 3 महीने से डिप्रेशन में था। वह अच्छा सिंगर था, मगर अच्छी नौकरी नहीं मिल रही थी। प्रॉपर्टी डीलर पिता जय सक्सेना के 22 वर्षीय बेटा आयुष एक प्राइवेट स्कूल में म्युजिक टीचर था। मां नीलम सक्सेना सरकारी टीचर है। जिस वक्त उसने खुद को गोली मारी, वह घर पर अकेला था। लाश बेडरूम में मिली। बॉडी से कुछ दूरी पर रिवाल्वर पड़ी थी। कमरे के उस कोने में खून ही खून था। फोरेंसिक टीम के मुताबिक गोली सिर के आरपार हो गई है। इस वारदात का पता लगने के बाद परिवार के लोग इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस भी मौके पर तफ्तीश कर रही है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। यह पूरा मामला अलीगढ़ के क्वार्सी इलाके के स्वर्णजयंतीनगर का है। जय सक्सेना ने कहा- मैं और मां नीलम अपने-अपने काम से घर से चले गए थे। आयुष की शादी हो चुकी थी। बहू भी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है, उनके एक 2 साल की बेटी है। घर पर आयुष और बेटी ही थे। आयुष ऊपर की मंजिल में अपने कमरे में था, बेटी कमरे में ही खेल रही थी। मैं घर वापस लौटकर आया। मेरी उम्र हो चुकी है, इसलिए नीचे के कमरे में ही बैठा हुआ था। अचानक ऊपर के कमरे से धमाके की आवाज आई। मैं ऊपर गया, तो 2 साल की बेटी कमरे के अंदर रो रही थी। दरवाजा खटखटाया, मगर वह अंदर से बंद था। मैं घबरा गया था। मैंने अपने पड़ोसी से मदद मांगी, उनके घर जाकर खिड़की से आयुष के कमरे में झांका, मगर वह नहीं दिखा। बस मेरी पोती रो रही थी। फिर मैंने दरवाजा खुलवाने के लिए अपने प्लंबर को कॉल किया। वह 15 मिनट में आ गया।

इसके बाद दरवाजा को तोड़कर हम लोग अंदर घुसे। हम लोग चौंक गए, क्योंकि जमीन पर आयुष पड़ा था, खून ही खून था। आयुष घर पर अकेला था। परिवार के मुताबिक, रिवाल्वर पिता जय की अलमारी में रखी रहती थी। आयुष खुद अपने पिता के कमरे में गया था।

# जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर 8.26 लाख की धोखाधड़ी

**सुलतानपुर में पांच लोगों ने किसान से पैसे लेकर न जमीन दी, न रकम लौटाई, केस दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा गांव के किसान राजेंद्र वर्मा के साथ जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी अखंडनगर थानाक्षेत्र के सजमपुर गांव के निवासी हैं। आरोपियों में हौसिला सिंह, उनके पुत्र अमित सिंह और प्रदीप सिंह तथा रामअचल सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह शामिल हैं। इन लोगों ने राजेंद्र वर्मा से जमीन की रजिस्ट्री का झांसा देकर कुल 8.26 लाख रुपए ले लिए। इसमें से 3.26 लाख रुपए फोन-पे के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में लिए गए। 7 नवंबर को 40 हजार, 17 अक्टूबर को 20 हजार, 18 अक्टूबर को 33 हजार और 8 से 18 नवंबर के बीच 2.33 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। शेष 5 लाख रुपए नकद लिए गए। जब राजेंद्र वर्मा ने जमीन की रजिस्ट्री की मांग की, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि वे क्षत्रिय हैं और सरकार उनकी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई कार्रवाई की गई तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने पुलिस से धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। एसएचओ श्याम सुंदर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रौजा एक्सप्रेस की चपेट में आया, मानसिक रूप से था बीमार, हॉर्न बजाने पर भी नहीं हटा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। चक बहेर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। भाले सुल्तान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। जांच में सामने आया कि मृतक रौजा एक्सप्रेस की चपेट में आ गया था। पुलिस ने शुरू की जांच ट्रेन के ड्राइवर ने बताया कि उसने युवक को ट्रैक पर देखा। वह लगातार ट्रेन का हॉर्न बजा रहा था। लेकिन युवक ट्रैक से नहीं हटा। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक मानसिक रूप से बीमार था।

# बुजुर्ग के पास से 6 किलो गांजा बरामद

**65 साल के व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूछताछ के बाद भेजा जेल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, राया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बुजुर्ग को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जुगेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। वह गांव गढ़ी खुशला का रहने वाला है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। आरोपी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उसके पास से 6.125 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस पकड़े गए आरोपों से पूछताछ कर रही है और जानकारी की जा रही है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की खेप कहां से आई और इसका मुख्य सूत्रधार कौन है। राया थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर की गई। नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इसी के चलते मुखबिर की सूचना पर घड़ी खुशला के रहने वाले एक व्यक्ति को अवैध गांजे के साथ बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कई दिन से लगातार क्षेत्र में गांजा बिक्री होने की सूचना मिल रही थी जिसके आधार पर पुलिस लगातार पकड़ने के लिए प्रयासरत थी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय - 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक - डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता - आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक - माता प्रसाद शर्मा, फिल्म - संपादक - जगन्नाथ तिवारी